तापमान
अधिकतम 33.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 जुलाई 2024

11 भारी गाड़ियों की एंट्री के विरोध में हस्ताक्षर...


12 एक मीटर खुदाई कर बिछानी है पाइप ...


# हिंदी-इंग्लिश जुदा... 6-6 माह बारी-बारी होगी पढ़ाई, एक सेमेस्टर में केवल एक भाषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने हिंदी और इंग्लिश को जुदा कर दिया है। अब कॉलेज के छात्र इनका अध्यापन एक साथ नहीं करेंगे। बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए सहित अन्य पाठ्यक्रम के विद्यार्थी अब तक अपने संकाय के विषयों संग हिंदी, इंग्लिश और पर्यावरण अध्ययन की पढ़ाई करते रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अब छात्र प्रथम, द्वितीय और तृतीय सेमेस्टर में बारी-बारी से इन विषयों को पढ़ेंगे। कौन से संकाय के छात्र किस विषय का अध्ययन पहले करेंगे, इसे लेकर भी श्रेणी बनाई गई है। इसमें जिक्र किया गया है कि कौन से विषय के छात्र, किस सेमेस्टर में किस भाषा की पढ़ाई करेंगे।

उदाहरणस्वरूप प्रथम सेमेस्टर में बीबीए और बीकॉम के छात्र पर्यावरण अध्ययन, बीए के छात्र इंग्लिश और बीएससी व बीसीए के छात्र हिंदी की पढ़ाई करेंगे। द्वितीय सेमेस्टर में बीबीए और बीकॉम के विद्यार्थी भाषा, बीए के छात्र हिंदी और बीएससी-बीए के छात्र इंग्लिश की पढ़ाई करेंगे। अन्य कक्षाओं में भी विषयों का विभाजन किया गया है। सभी महाविद्यालयों को यह सूची भेज दी गई है।

## अब तक हिंदी और इंग्लिश का एक साथ अध्ययन करते रहे हैं विद्यार्थी

### सिलेबस भी सिमटा

नया सिलेबस ही इस पैटर्न के अनुसार ही तैयार किया गया है। अन्य विषयों के पाठ्यक्रम को दो हिस्सों में बांटा गया है, जबकि हिंदी-इंग्लिश के पाठ्यक्रम को वार्षिक पैटर्न से समेटकर एक ही सेमेस्टर में सीमित कर दिया गया है। चूंकि वर्ष भर के सिलेबस को एक सेमेस्टर में समेटा गया है, इसलिए पाठ्यक्रम के कुछ हिस्से हटाए गए हैं। हिंदी, इंग्लिश और पर्यावरण अध्ययन तीनों ही विषयों के पाठ्यक्रम को सीमित किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति संबंधित आयोजित सेमिनार में भी शिक्षकों को इसका प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत व्यवस्था, प्रथम तीन सेमेस्टर में बारी-बारी हिंदी, इंग्लिश और पर्यावरण अध्ययन





### पुल में बांटा गया

कौन सी कक्षा में किसी भाषा की पढ़ाई पहले होगी, इसका निर्धारण करने ग्रुप बनाए गए हैं। ए, बी और सी तीन पूल बनाए गए हैं। कॉलेज इसके अनुसार तैयारी कर रहे हैं।

- डॉ.देवाशीष मुखर्जी
प्राचार्य, महंत कॉलेज

## खबर संक्षेप

### महिला के कब्जे से गोमांस जब्त

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाने की पुलिस ने गोसेवकों की शिकायत पर एक महिला के कब्जे से गोमांस जब्त किया है। गोमांस मिलने पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक गोसेवकों ने खालबाड़ा में एक बुजुर्ग महिला के पास गोमांस होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर महिला के घर क तलाशी लेने पर बोरी में गोमांस मिला।

### देशी कट्टा, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से जिंदा कारतूस तथा कट्टा जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक भाठागांव, विनायक सिटी रोड के पास लीलाराम सोनकर के कब्जे से जिंदा कारतूस तथा कट्टा जब्त किया गया है। देशी कट्टा तथा कारतूस के संबध में पुलिस ने लीलाराम से पूछताछ करने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है।




### मेडिकल शॉप में चोरी आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी थाने की पुलिस ने दो दिन पूर्व एक मेडिकल शॉप में नकदी सहित साढ़े 21 हजार रुपए के मोबाइल चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक प्रेमांशु डे के मेडिकल शॉप में चोरी करने के आरोप में राजा तालाब निवासी अब्दुल अजीम को गिरफ्तार किया है। अब्दुल ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात चोरी की घटना को अंजाम दिया था।



### दोपहिया चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडीनगर थाने की पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सात दोपहिया वाहन जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक वाहन चोरी करने के आरोप में भावेश जगत तथा सौरभ मुखर्जी को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया था।



### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में पिकअप वाहन की ठोकर लगने से गंभीर रूप से घायल एक महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पिकअप की ठोकर से हीरा बाई साहू की मौत हुई है। पुलिस के अनुसार पिकअप ओडी 03 एक्स 3596 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार वाहन चलाते हुए पिसदा मोड़ के पास एक बाइक को ठोकर मार दी। ठोकर लगने से बाइक के पीछे बैठी महिला गिर गई। इससे उसे गंभीर चोटें आईं, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।




## घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के रामनगर चौकी की, आरोपी फरार

# युवक को बंधक बनाकर अधमरा होते तक पीटा, मरा समझकर मंदिर हसौद में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में बदमाश कानून व्यवस्था को खुलेआम चुनौती देते हुए अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला गुढ़ियारी थाना के रामनगर चौकी में सामने आया है, जिसमें चार बदमाशों ने आपसी रंजिश पर एक युवक को बंधक बनाकर उसकी बेदम पिटाई की है। युवक की बेसबाल से अधमरा होते तक पिटाई करने के बाद भी बदमाशों का मन नहीं भरा, तो उस पर चाकू से जानलेवा हमला किया। बदमाश युवक को अपनी कार में बैठाकर बेसबाल से पिटाई करते हुए मंदिरहसौद ले गए और वहां उसे मरा समझकर मौके से फरार हो गए। घटना 15 जुलाई की है।

- दो लड़कों ने शंकर पर बेसबाल से किया ताबड़तोड़ हमला

पुलिस के मुताबिक प्रिंस बागड़े, अंशुल तथा उसके दो अन्य साथियों ने शंकर सिंह ठाकुर को अपने घर बुलाकर बंधक बनाया। इसके बाद दो लड़कों ने शंकर पर बेसबाल से ताबड़तोड़ हमला किया। बदमाशों के बीच फंसा शंकर लड़कों से मारपीट नहीं करने की गुहार लगाता रहा। बावजूद इसके बदमाशों का दिल नहीं पसीजा। बेसबाल से मारपीट करने के बाद बदमाश शंकर को अंशुल की कार से जबरदस्ती अपने साथ बैठाकर मंदिर हसौद ले गए।





### आपस में दोस्त हैं

*गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में जिस युवक के साथ मारपीट की घटना हुई है, वह युवक तथा आरोपी आपस में दोस्त हैं। वर्ष 2022 में मौदहापारा थाना क्षेत्र में मोबाइल चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। आरोपियों की पतासाजी की जा रही है, आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे।*

*- लखन पटले, एएसपी सिटी*

### मंदिर हसैद ले जाते तक मारपीट

शंकर ने पुलिस को बताया है कि बदमाश बंधक बनाकर उसकी पिटाई करने के बाद हत्या करने की नीयत से कार में जबरदस्ती बैठाकर ले गए। रात को अंधेरा होने की वजह से शंकर को पता नहीं चल पाया कि बदमाश उसे कहां ले जा रहे हैं। शंकर के अनुसार बदमाश पूरे रास्ते उसके साथ मारपीट करते रहे। बदमाश जहां रुके, वहां एक बदमाश ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। बेसबाल की पिटाई तथा चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल शंकर बेहोश हो गया।

### घनी झाड़ियों के बीच फेंककर भागे

शंकर के बेहोश होने पर बदमाश उसे मरा समझकर मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के सूनसान इलाके में घनी झाड़ियों के बीच फेंककर मौके से फरार हो गए। दूसरे दिन होश आने पर शंकर ने राह चलते एक व्यक्ति से मोबाइल मांग कर डायल 112 में कॉल कर मदद मांगी। डॉयल 112 की टीम शंकर को प्राथमिक उपचार के लिए मंदिर हसौद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। हालत गंभीर होने पर युवक को आंबेडकर अस्पताल शिफ्ट किया गया। इसके बाद शंकर को डीकेएस शिफ्ट किया गया है।

### इस बात को लेकर था विवाद

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक तीन साल पूर्व किसी मामले में शंकर ने प्रिंस, अंशुल के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शंकर की शिकायत पर प्रिंस तथा उसके अन्य साथियों को जेल जाना पड़ा था। इस बात को लेकर बदमाश शंकर से नाराज थे और बदला लेने के उद्देश्य से शंकर की हत्या करने की नीयत से बंधक बनाकर उसकी बुरी तरह से पिटाई की।

### बदमाशों ने वीडियो बनाकर वायरल किया

इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति कितना भय है, शंकर के साथ मारपीट करने की बदमाशों ने बाकायादा वीडियो बनाई। वीडियो बनाने के बाद बदमाशों ने उसे वायरल भी कर दिया। बदमाशों को पकड़ने को लेकर पुलिस की गंभीरता नहीं दिख रही है। यही वजह है कि मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मौके पर जांच करने नहीं पहुंची और न ही फोरेंसिक टीम को इसकी जानकारी दी है।

# सिटी बस-ट्रक में आमने सामने टक्कर, 20 से ज्यादा यात्री घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह साढ़े नौ बजे सिटी बस तथा सामने से आ रहे ट्रक में आमने-सामने टक्कर होने की वजह से 20 से ज्यादा यात्री घायल हो गए, जिनमें छह महिलाएं शामिल हैं। घायलों को 108 की मदद से उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया। घायलों की हालत सामान्य बताई जा रही है। घटना रायपुर-खरोरा के बीच सेमरिया के पास की है।

- घटना के बाद मची चीख पुकार, घायलों को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया

पुलिस के मुताबिक सुबह सिटी बस का चालक तेज रफ्तार बस चलाते हुए 30 यात्रियों को लेकर खरोरा तरफ जा रहा था। इसी दौरान सेमरिया के पास सामने से ट्रक आने की वजह से बस चालक बस को नियंत्रित नहीं कर पाया और बस ट्रक से टकरा गई। बस तथा ट्रक के आमने सामने टक्कर होने की वजह से बस में बैठे सवारियों में चीख पुकार मच गई। यात्री बस के अंदर फंसे रहे। एक्सीडेंट की जानकारी मिलने पर सेमरिया के तथा पास से गुजर रहे लोग मौके पर पहुंचे और मदद तथा बचाव कार्य में जुट गए। घटना के बाद ट्रक चालक फरार है। ट्रक तथा बस में आमने सामने टक्कर होने की वजह से बस के ▶▶|शेष पेज 11 पर

### हादसे के बाद सड़क जाम

बीच सड़क पर ट्रक तथा बस में आमने-सामने टक्कर होने की वजह से जाम की स्थिति निर्मित हो गई। खरोरा जाने वाले मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। क्रेन की मदद से ट्रक तथा बस को सड़क से हटाया गया, तब आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो पाया।

### इस वजह से एक्सीडेंट

पुलिस के अनुसार जहां एक्सीडेंट की घटना हुई है, वहां मोड़ है, जिसकी वजह से बस चालक सामने से आ रहे ट्रक को नहीं देख पाया और ट्रक को सामने से टक्कर मार दी। ट्रक खरोरा से रायपुर की तरफ आ रहा था। बस और ट्रक की रफ्तार प्रति घंटे 60 किलोमीटर होना बताया जा रहा है। बस की रफ्तार और ज्यादा होने पर गंभीर दुर्घटना घट सकती थी।

# 293 स्कूल बसों की अब तक जांच नहीं, परिवहन विभाग मान्यता रद्द करने लिखेगा पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूल खुलने के पूर्व हर वर्ष अप्रैल से स्कूल बसों की जांच प्रक्रिया शुरू की जाती है। वर्तमान में रायपुर जिले के निजी स्कूलों में 1266 स्कूल बसें संचालित हो रही हैं। स्कूल में संचालित बसों की जांच प्रक्रिया अप्रैल में शुरू कर तीन माह तक चलाई गई। बावजूद इसके स्कूलों में संचालित बसों में से 25 प्रतिशत बसों की अब तक फिटनेस जांच नहीं हो पाई है। जिन बसों की फिटनेस जांच नहीं हुई है, उन स्कूलों की मान्यता रद्द करने परिवहन विभाग शिक्षा विभाग को पत्र लिखने की बात कह रहा है।

- 1266 में से 973 स्कूल बसों की जांच, 173 में खामियां पाई गईं

परिवहन विभाग के अफसर के मुताबिक स्कूलों में संचालित बसों में से 973 बसों की जांच की गई है। जांच में 173 बसों की फिटनेस सहित अन्य तरह की खामियां पाई गईं। जिन बसों में खामियां पाई गईं, उनमें से 128 ने खामियां ठीक कराने के बाद परिवहन विभाग को रिपोर्ट की है, ▶▶|शेष पेज 11 पर

### कई बसें ऑन रोड नहीं

परिवहन विभाग के अफसर के मुताबिक जिन 293 स्कूल बसों की जांच नहीं हो पाई है, उनमें से कई बसें कंडम होने की वजह से ऑन रोड नहीं हैं। नियम के मुताबिक जो बसें संचालित नहीं हो रही हैं, उन बसों के बारे में स्कूल संचालकों को परिवहन विभाग को जानकारी देना अनिवार्य है। विभागीय अफसरों के अनुसार जिन बसों के ऑन रोड नहीं होने की जानकारी मिली है, उसकी पुष्टि कराई जा रही है। पुष्टि होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मान्यता रद्द करने लिखेंगे पत्र

परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल बसों की जांच की जाती है। जो स्कूल अपनी बसों की जांच नहीं कराते, उन बसों पर जुर्माना भी लगाया जाता रहा है। बच्चों की सुरक्षा की अनदेखी कर बस संचालन करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ सख्ती बरतने स्कूल की मान्यता रद्द करने पत्र लिखने की बात अफसर कह रहे हैं।

### 973 बसों की फिटनेस जांच की जा चुकी है

जिले की निजी स्कूलों में संचालित 1266 में से 973 बसों की फिटनेस जांच की जा चुकी है। जिन बसों की फिटनेस जांच नहीं हुई है, उसे लेकर संबंधित स्कूलों को लगातार नोटिस जारी किया गया है। नोटिस जारी होने के बाद भी बसों की जांच नहीं कराने पर उन स्कूलों की मान्यता रद्द करने पत्र लिखा जाएगा।

- आशीष देवांगन, रायपुर आरटीओ

## पुरानीबस्ती से लाखेनगर मार्ग भी सुरक्षित नहीं

# भाठागांव बसस्टैंड, बूढ़ापारा, संतोषीनगर सर्विस रोड से मवेशियों की धरपकड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के जोन 6 और जोन 10 अमले ने बुधवार को भाठागांव स्थित नए बसस्टैंड, बूढ़ापारा क्षेत्र और संतोषीनगर के सर्विस रोड में अभियान चलाकर आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। एनजीटी के आदेश को ध्यान में रखकर नगर निगम के 10 जोन में काउकेचर वाहन की मदद से विशेष टीम सड़क यातायात बाधित कर रहे मवेशियों को पकड़कर गोठान भेज रही है।

- अमलीडीह, टैगोर नगर में आवारा मवेशियों का जमावड़ा

नगर निगम जोन 6 अमले ने भाठागांव स्थित बसस्टैंड से संतोषी नगर सर्विस रोड तक और पुलिस लाइन मार्ग पर 10 मवेशियों को पकड़कर गोठान भिजवाया। इसी तरह जोन 10 की काऊ कैचर टीम ने देवपुरी मार्ग से दर्जनभर मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 4 की टीम ने बूढ़ापारा और कालीबाड़ी मार्ग पर आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान चलाया। इस दौरान 5 मवेशियों को पकड़ कर गोठान भिजवाया गया।



वहीं पुरानी बस्ती से लाखे नगर मार्ग पर मवेशियों के झुंड से अब तक लोगों को निजात नहीं मिल पाई है। सुबह-शाम इस मार्ग की सड़क पर सांड और मवेशियों का झुंड मंडराते हुए देखा जा सकता है। इनमें से ज्यादातर पालतू मवेशी हैं, जिन्हें पशुपालक सड़क पर विचरण करने खुला ▶▶|शेष पेज 11 पर

## बंगाल की खाड़ी में सिस्टम, सावन में जमकर वर्षा

# भारी बारिश से बीजापुर लबालब राजधानी में भी जमकर बरसे बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कई हिस्सों में भारी बारिश होने की वजह से बीजापुर जिला लबालब हो गया है। पिछले चौबीस घंटे में बादल के 101 मिमी. बरसने से जिले में सामान्य से 21 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो गई है। राजधानी में दोपहर जमकर बारिश हुई है। आने वाले दिनों यानी सावन में बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने पर जमकर वर्षा होने की संभावना है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार ब्रेक हटने के बाद प्रदेश में आने वाला दूसरा सिस्टम भी व्यापक स्तर पर बारिश लेकर आएगा। अभी मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, नरसिंहपुर, राजनांदगांव, कलिंगपट्टनम और उसके बाद पूर्व की ओर मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से राज्य के अनेक स्थानों पर भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में भोपालपट्नम में 17, कुटरू में 16, दोरनापाल में 12, उसूर में 8, बीजापुर, भैरमगढ़, गंगालूर में 7 सेमी. तक बारिश हुई। अब बीजापुर जिला 525.5 मिमी. वर्षा के साथ सामान्य से अधिक यानी 21 प्रतिशत ज्यादा वाली श्रेणी में शामिल हो चुका है। राजधानी में भी दोपहर होते ही बादल दो सेमी. तक बरसे। अगले चौबीस घंटे में अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम एक दो स्थानों भारी वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 19 जुलाई से बनने वाले सिस्टम के प्रभाव में प्रदेश में सावन का आगमन जोरदार तरीके से होगा। इस दौरान राज्य में औसत वर्षा की मात्रा में वृद्धि होने की संभावना है।




# मामूली विवाद पर हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मामूली विवाद पर मजदूर की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने मृतक के दो साथियों को गिरफ्तार किया है। घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व रविवार की है। मृतक तथा आरोपी एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे। इसी दौरान उनका किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस के मुताबिक सालिक राम ध्रुव की हत्या के आरोप में बलौदाबाजार निवासी उमेश उर्फ नानू यादव तथा डिगेश यादव को गिरफ्तार किया गया है। पेशे से राज मिस्त्री शिव कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को रात साढ़े आठ बजे सालिक राम के साथ डिगेश्वर तथा उमेश किसी बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए उसकी लाठी, ▶▶|शेष पेज 11 पर



**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### कोरासी को शिक्षा केंद्र बनाने की मांग

**आरंग।** शिक्षित युवा ग्रामीण उत्थान सेवा समिति ने आरंग विधायक सुखवंत साहेब से सौजन्य मुलाकात की। जिसमें ग्राम कोरासी में ग्रंथालय हेतु भवन, पुस्तक एवं फर्नीचर व्यवस्था एवं ग्राम कोरासी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु सहयोग राशि की मांग की गई। ज्ञात हो कि समिति द्वारा समय–समय पर कैरियर मार्गदर्शन, साफ–सफाई, मेरा माटी मेरा कर्तव्य एवं विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। जिसका विधायक महोदय द्वारा प्रशंसा कर समिति को हमेशा सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डॉ. नवीन कुमार पटेल, महासचिव दिलीप साहू, कोषाध्यक्ष वियजासन साहू, सहसचिव मनोज धीवर एवं विशेष सदस्य के रूप में राहुल धीवर एवं हीरालाल धीवर उपस्थित रहे।

### शिक्षक की सेवा समाप्त करने का प्रस्ताव पारित

**अभनपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला मंदलोर मे पदस्थ सहायक शिक्षक (पं.) राहुल सिंह ठाकुर के विरूद्ध लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायत मिलने पर उनके विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित करते हुये श्रीमति जेजे वर्मा प्राचार्य शा.उ. मा.वि.टेकारी एवं राजेश कुमार साहू सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभनपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था जांच अधिकारियो द्वारा प्रस्तुत अभिमत मे सहायक शिक्षक (पं.) 6 सितम्बर 2022 बगैर अवकाश स्वीकृति व अनुमति के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने की रिपोर्ट सौपी गई थी जिस पर अभनपुर जनपद पंचायत द्वारा उन्हे उपस्थित होने के लिए तीन नोटिस जारी की गई उसके बाद भी अपने कर्तव्य पर उपस्थित नही हुये जिस पर जनपद पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति द्वारा राहुल सिंह ठाकुर की तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया।

## निधन

### बृजलाल यदु

**सिलयारी।** सिलयारी निवासी बृजलाल यदु (75) का निधन 17 जुलाई दिन बुधवार को हुआ



जिसका अंतिम संस्कार गांव के ही मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें अधिक संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। वे गजानंद यदु, कमलेश यदु, कैलाश यदु के पिता थे।

### चैतराम यादव

**अभनपुर।** अभनपुर वार्ड नंबर 7 निवासी चैतराम यादव (77) का



निधन 17 जुलाई बुधवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे पार्षद बबला यादव के पिता एवं गोपाल यादव,यश यादव,उज्जवल यादव के दादा थे।

# आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रिकार्ड, एक ही दिन में 45 पुरुष नसबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में जारी है। इसी बीच रायपुर जिले के आरंग विकासखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग ने पुरुष नसबंदी के मामले में 1 ही दिन में 45 पुरुषों की नसबंदी कर नया रिकॉर्ड बना डाला है। इस ऑपरेशन अभियान को सफल बनाने वाले डॉक्टर्स में डॉ. संजय नवल एवं डॉ. नंदलाल भुआर्य की बहुत बड़ी भूमिका है। असिस्टेंट के रूप मे आरएचओ संतलाल साहू, भूपेंद्र साहू, लालचंद बंजारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इतने लोगो का ऑपरेशन दोनों डॉक्टर्स ने एक ही दिन में किया है।

**जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 24 जुलाई तक**




### उपलब्धि मिली सहयोग से

इस विषय पर बात करने पर डॉ. विजयलक्ष्मी अंनत ने कहा कि इसके लिए पूरे ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया था। जिसका असर ग्रामीण क्षेत्रे में पुरुषों नसबंदी के भ्रांतियों पर पडा और फील्ड स्तर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला–पुरुष द्वारा सम्पर्क दम्पति पखवाड़ा व सास–बहू सम्मेलन के आयोजन से हितग्राही ऑपरेशन हेतु तैयार हुए। जिसके लिए पूरे आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले आरएचओ महिला–पुरुष बधाई के पात्र है।

इन 45 पुरुष नसबंदी के केसो में सेक्टर भैसा से 19 केस आरएचओ परस राम साहू, दयालु, विष्णुकुमार, खिलानन्द साहू, अश्वनी कुमार, सेक्टर चंदखुरी से 5 केस आरएचओ प्रवेश शुक्ला, चंद्रशेखर चंद्राकर, सेक्टर भानसोज से 5 केस, आरएचओ सुमन साहू, मनीष चंद्राकर, धनीराम निषाद, सेक्टर कुरूद कुटेला से 4 केस रेवाराम सेन, सेक्टर रीवा से 2 केस जीतेश्वर देवांगन, सेक्टर मंदिरहसौद से 6 केस आरएचओ संतलाल साहू, युधिष्ठिर साहू, सेक्टर गुल्लू से 4 केस चंद्रप्रकाश साहू द्वारा लाया गया। ज्ञात हो कि जबसे आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रभार डॉ. विजयलक्ष्मी अंनत के हाथों में है, तब से ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमो की उपलब्धि में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

## शिक्षा : 5वीं, 8वीं और 10वीं के मेधावी छात्र पुरस्कृत

# प्रवेशोत्सव में छात्रों का स्वागत व मेधावियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा विकासखंड के अड़सेना संकुल केन्द्र के प्राथमिक शाला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सोना वर्मा ने मेघावी एवं नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ये नवनिहाल राष्ट्र के भविष्य हैं इन कच्ची मिट्टियों को गढ़ने का कार्य शिक्षक रूपी कुम्हारों का है ,प्रयास रहे कि ये भविष्य में न केवल परिवार बल्कि देश के काम आ सकें,उन्होंने बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि परिवार ,समाज हो या देश बुनियाद तो बेटियाँ ही हैं जिनके बिना सृजन सम्भव नहीं ,इन्हें हर क्षेत्र में समानता का अधिकार देते हुए अधिकाधिक उच्च तकनीकी ,प्रौद्योगिकी शिक्षा के लिए प्रेरित करें। भारी संख्या में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी अपने उदबोधन दिए।

इस अवसर पर प्रधानपाठक डी.कुमारी टण्डन, प्रतिमा टोप्पो,विनय तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा लोक संस्कृति के पंथी,सुवा,करमा, बारहमसी जैसी विभिन्न विधाओं पर आधारित आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत



किये। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक विरासत से सम्बद्ध ग्रामीण परंपरा को हाँथा देकर प्रदर्शित किया।

सत्र 2023-24 में पांचवीं, आठवीं, दसवीं में उच्चतम प्राप्तांक वाले मेघावी छात्र-छात्राओं को मैडल तथा पहिली,छटवीं, नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के भाल पर तिलक लगाकर,मुँह मीठा कर,निशुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक का वितरण एवं लगभग 3000 रुपये नगद पुरुस्कार प्रदान कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक द्वय दौलत धुरंधर एवं भुनेश्वरी साहू ने तथा आभार प्रदर्शन सहायक शिक्षक रमेश वर्मा ने किया।

### एनसीसी कैडेटों को फायरिंग और फायर फाइटिंग का मिला प्रशिक्षण

**आरंग।** एनसीसी प्रशिक्षण अकादमी लखौली (आरंग) में जारी दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एवं टीएससी–2 प्रशिक्षण एवं लॉच शिविर में कैडेटो को फायरिंग, डील, क्वीज, पब्लिक स्पीकिंग, फायर फाइटिंग, वालीबॉल, रस्सा कस्सी आदि कम्पीटिशन करवाया जा रहा है। ताकि कैडेटो का आत्मविश्वास बढे और भविष्य में उन्हे लक्ष्य प्राप्ति मे सहायक हो। कैडेटो की दिनचर्या सुबह पीटी से शुरू होती है एवं पीआई स्टाफ द्वारा परेड एवं हथियार प्रशिक्षण का डेमो देकर कैडेटों को प्रशिक्षित किया जाता है। एनसीसी अधिकारियो एवं विषय विशेषज्ञो द्वारा विभिन्न सामाजिक, सामान्य ज्ञान तथा नशा मुक्ति के संबंध में व्याख्यान दिया जा रहा है। आज अग्निशमन विभाग द्वारा कैडेटों को आग बुझाने से संबंधित नियमों का ज्ञान कराया गया तथा अग्निशमन यंत्रें का प्रयोग कर छात्र–छात्रओं को दिखाया गया। शिविर में रायपुर ग्रुप के 99 कैडेट भाग ले रहे है जिन्हे मैप रिडिंग व फायरिंग का व्यापक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बेस्ट कैडेट का चयन कर उन्हे टीएससी के लिए दिल्ली भेजा जायेगा। उक्त शिविर विशेष रुप से प्रशिक्षित किया जा



रहा हैं जिसमें टेंट पिचिंग, ऑस्टिटकल फायरिंग प्रतियोगिता एवं लिखित परीक्षा के माध्यम से श्रेष्ठ कैडेट्स का चयन किया जायेगा। एआरओ द्वारा अग्निवीर भर्ती एवं होने वाले लाभ के बारे में मेजर अजय कुमार के द्वारा एनसीसी के छात्र–छात्रओं को मार्गदर्शन दिया गया। शिविर का संचालन कर्नल सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सहयोगी एनसीसी अधिकारी कैप्टन अविनाश सिंह, थर्ड अफसर अवधेश पाण्डेय, बलदाऊ सिंह ठाकुर, तोशराम ध्रुव, रिता शुक्ला, हर्शवर्धन के द्वारा शिविर में छात्रे का मार्गदर्शन किया जा रहा है। सुबेदार मेजर सत्यव्रत एवं समस्त पीआई स्टाफ के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

# मुसलमान भाइयों ने मुहर्रम में लंगर का किया इंतजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा ,चरौदा, नगरपंचायत कुरा में मुस्लिम भाइयों ने शहादत की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम बुधवार को हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। देर शाम तक कई स्थानों में लंगर भंडारा का आयोजन चलता रहा। धरसींवा के वाहिद पठान परिवार के द्वारा तीन दिन तक मुख्य मार्ग में लंगर की ब्यवस्था कर कौमी एकता का परिचय दिए।

विदित हो कि पैगम्बर हजरत मोहम्मद के दो नवासी इमाम और हसन और हुसैन को शहीद कर दिया था। उसी की याद में मुस्लिम भाई मोहर्रम पर्व मनाते हैं। यह अरबी साल के पहले महीने की दसवी तारीख को मनाया जाता है। बुधवार को विभिन्न स्थानों पर तजिया मिलान किया गया। धरसींवा चौक पर निकली ताजिया जुलूस निकल कर मुस्लिम भाईयों ने पर्व मनाया।

### लंगर का आयोजन

*मोहर्रम पर्व पर धरसींवा के मस्जिद चौक पर हजरत इमाम हुसैन की याद में आम लंगर का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर लंगर लिया। मोहर्रम इस्लामिक नए साल की शुरुआत का पहला महीना होता है।धरसींवा के ही पंच वाहिद पठान परिवार के द्वारा तीन दिन तक हजरत इमाम हुसैन की याद में लंगर का आयोजन किया गया। इसमें हर धर्म के लोग शामिल हुए और लंगर लिया। इधर नगर पंचायत कुरा और चरौदा में भी आम लंगर दिया गया जंहा सभी लोगो ने भाई चारे का परिचय देते हुए लंगर लिए।*

# माता कर्मा जयंती पर निकाली शोभायात्रा किया पौधारोपण व कर्मा भवन लोकार्पित

**आरंग।** ग्रामीण साहू समाज तांदुल द्वारा कर्माधाम ग्राम तांदुल में कर्मा भवन लोकार्पण, भक्त शिरोमणि माता कर्मा की जयंती एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः वृक्षारोपण, पूजा हवन पश्चात कलश शोभा यात्र निकाली गई तदोपरांत अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन हुआ।

आरंग विधायक गुरु खुशवंत सोहब ने साहू समाज के गौरवपूर्ण इतिहास के बारे में व्याख्यान करते हुए साहू समाज से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आगे भी सहयोग के लिए अपील की। उन्होने समस्त साहू समाज को यथासंभव सहयोग के लिए आस्वस्थ किया और ग्रामीण साहू समाज तांदुल को कर्मा भवन अतिरिक्त कक्ष, रंगमंच एवं शेड



अतिशीघ्र निर्माण करवाने की घोषणा एवं वायदा के साथ विकास की सौगात दी। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के द्वारा ग्रामीण साहू समाज के शिक्षा में उत्कृष्ट बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया एवं शिक्षा के महत्व को समझाते हुए ग्रामीण समाज के वरिष्ठ जनों को साल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कसडोल विधायक संदीप साहू, रायपुर जिला ग्रामीण साहू संघ अध्यक्ष देवनाथ साहू, तहसील अध्यक्ष सोहनलाल साहू, तहसील महामंत्री नंद साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, उपाध्यक्ष जीतू रानी साहू, परिक्षेत्र सचिव राजेंद्र साहू, प्रदेश संयोजक पवन साहू, संभाग संयोजक प्रफुल्ल साहू, संभाग उपाध्यक्ष नंदू साहू, सरपंच गौरव शर्मा तथा ग्रामीण साहू समाज तांदुल अध्यक्ष नंदकुमार भरत साहू एवं समस्त साहू समाज तांदुल उपस्थित हुए।

## बैठक में श्री गणेश विसर्जन झांकी निकालने पर चर्चा

**आरंग।** नेताजी चौक आरंग में बुधवार को श्री गणेश विसर्जन झांकी तिथि को लेकर बैठक रखा गया। जिसमे नगर के लगभग सभी मोहल्ले के प्रमुख सदस्यो ने हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि आरंग नगर के विभिन्न समितियो में विसर्जन तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी। बैठक में विभिन्न बिंदूओ मे विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति



से 17 सितंबर को विसर्जन झांकी निकालने का निर्णय लिया गया एवं विसर्जन झांकी के दिन आपसी सद्भाव रखते हुए शांति पुर्ण तरीके विसर्जन झांकी मे सहयोग हेतु सभी समितियो की सहमति बनी व सभी ने संकल्प लिया की किसी भी तरह के वाद–विवाद नही होने देंगे

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग )**
**रा.मा.क्रमांक 202406110300077 अ/6**
**वर्ष 2023-24 ग्राम तिल्दा, प.ह.नं. 19**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक भरत साहू पिता रामविलास साहू, निवासी-तिल्दा द्वारा ग्राम तिल्दा, प.ह.नं. 19 स्थित संजय कुमार भट्टड, अजय कुमार भट्टड, विजय कुमार भट्टड, इंदु राठी, मंजुला राठी, ज्योति राठी पिता हरिबल्लभ भट्टड के नाम से दर्ज भूमि खसरा नंबर 558/5, 6, 7, 8, 9, 11 का भाग रकबा 0.024 हे. को विक्रेता से पंजीकृत बैनामा दिनांक 28.01.1986 को क्रय किया है, अतः पंजीकृत बैनामा के आधार पर उक्त भूमि में आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किया है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/ आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 31.07.2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियाद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मो. नं. (8839524522)

मुहर

**तहसीलदार**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग )**

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**रा.मा.क्रमांक 202406110300076**
**अ/6 वर्ष 2023-24**
**ग्राम तिल्दा, प.ह.नं. 19**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरत साहू पिता रामविलास साहू, निवासी-तिल्दा द्वारा ग्राम तिल्दा, प.ह.नं. 19 स्थित कुंवरसिंग पिता बनऊराम साहू, निवासी-टण्डवा के नाम से दर्ज भूमि खसरा नंबर 558/58 का भाग रकबा 0.195 हे. में से 2000 वर्गफीट को विक्रेता से पंजीकृत बैनामा दिनांक 18.04.2001 को क्रय किया है, अतः पंजीकृत बैनामा के आधार पर उक्त भूमि में आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 31.07.2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे / आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मो. नं. (8839524522)

मुहर

**तहसीलदार**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

## धरसींवा थाने के नशामुक्ति केंद्र में नशा छोड़ने की देते हैं समझाइश

**धरसींवा।** नव नियुक्त थाना प्रभारी राजेन्द्र दीवान ने पदभर ग्रहण करते ही सबसे पहले अपराध की मुख्य जड़ नशा के खिलाफ अभियान तेज करते हुए थाना कक्ष में ही एक कमरे में नशामुक्ति के लिए एक कक्ष बनाया है जंहा शराबियों को आदर पूर्वक बैठा कर नशा छोड़ने के लिए कॉउंसलिंग करते है जिसमे सफलता भी मिल रही हैं।



वही थाना प्रभारी ने कहा हर अपराध पर पुलिस की नजर रहेगी जंहा किसी को भी बक्सा नही जाएगा। रायपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अनुसार नशा मुक्ति जागरुकता अभियान के तहत धरसींवा पुलिस थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र दीवान के मार्गदर्शन पर धरसींवा, सिलतरा और सिलयारी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरुकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।साथ ही थाना परिसर में एक कक्ष बनाया गया है जंहा शराबियों की कॉउंसलिंग किया जा रहा है जिसमे सफलता भी मिल रही है बता दे कि नगरपंचायत कुरा के निजात अभियान के तहत 17 जुलाई को भागीरथी देवांगन पिता स्व. सरहराम देवांगन उम्र 77 साल ग्राम कुरा को नशा मुक्ति कक्ष धरसीवा में नशा के खिलाफ काउंसलिंग कर समझाइए दिया गया जंहा बरसो से शराब पी रहे बुजुर्ग ने नई जिंदगी जीने के लिए शराब छोड़ने की बात कहते हुए थाना प्रभारी का धन्यवाद किये।


## आज दशगात्र



### भावपूर्ण श्रद्धांजलि

विधि के विधान के आगे नतमस्तक होकर
आपको अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति

**श्री चोवाराम वर्मा**

(केन्द्रीय अध्यक्ष, छ. ग. मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज, समाज सेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी)
का स्वर्गवास दिनाँक 09.07.2024, मंगलवार को हो गया है।
जिनका दशगात्र दिनाँक 18.07.2024 दिन- गुरूवार को होगा ।
अतः सादर अनुरोध है कि इस कार्यक्रम में सपरिवार सम्मिलित होकर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि प्रदान कर शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करें ।

कार्यक्रम स्थल : निवास ग्राम - जरौदा (तरी), जिला - रायपुर (छ.ग.)

तालाब का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक

**शोकाकुल परिवार-**
अमन, यशवीर, अविनाश, शिवांश (पौत्र)
Mo. : 9826640005
Mo. : 9826650004
Mo.: 9109935750

**विनीत**
श्रीमती कुन्ती वर्मा (पत्नी)
रामनारायण वर्मा (भाई)
चंद्रकांत वर्मा (राजू-पुत्र), धीरेन्द्र वर्मा (पप्पू-पुत्र)
धनंजय वर्मा (गोलू-पुत्र), ज्योति वर्मा (पुत्री)

नोट- जिस किसी भी सज्जनों को शोक संदेश नहीं मिला हो, कृपया इसे ही शोक संदेश समझे।
टीप- ग्राम जरौद, रायपुर-बलौदाबाजार मार्ग पर रायपुर से 20 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

## खबर संक्षेप



### कैबिनेट की बैठक कल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को मंत्रालय में होगी। बैठक में 22 जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र को लेकर चर्चा होगी। उसी दिन शाम 7 बजे मुख्यमंत्री निवास पर भाजपा विधायक दल की बैठक होगी।

### मुख्यमंत्री ने श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और छत्तीसगढ़ में किसान सत्याग्रह के प्रणेता बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर को उन्हें नमन किया है। उनके योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में जनमानस को जागृत करने में 'बाबू साहब' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में शोषण और अन्याय के विरूद्ध किसानों ने 'कंडेल नहर सत्याग्रह' किया। प्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने में भी उनकी अहम भूमिका रही।

### आज नहीं होगा जनदर्शन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हर सप्ताह गुरुवार को होने वाला जनदर्शन इस गुरुवार 18 जुलाई को अपरिहार्य कारणों से नहीं होगा।

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के राज्य संयोजक राजू भारतवासी ने विगत दिनों राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए दिया गया। इस मौके पर राजू भारतवासी ने बताया कि एमएस एक्ट 2013 के तहत सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किए जाने एवं अनुसूचित जाति के वंचित सफाई कर्मचारी समाज जातियों के विकास के लिए राष्ट्रीय कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष के साथ चर्चा के लिए आयोग के अध्यक्ष ने अतिशीघ्र समस्याओं के समाधान के लिए उचित निर्णय लेकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य कैंप

**रायपुर।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य कैंप का आयोजन राष्ट्रीय आयुष मिशन के राष्ट्रीय कार्यक्रम वयोमित्र अंतर्गत विभाग के अधीनस्थ सभी समस्त 400 आयुष आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जेरिएट्रीक कैंप (जरा चिकित्सा शिविर) का आयोजन 15 सितंबर तक किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच और सक्रिय जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। कैंप में स्वास्थ्य की जांच विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। शिविर में रक्तचाप, शरीर का वजन और उपस्थिति की जांच, आहार और व्यायाम के महत्व पर जागरूकता सत्र, वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वस्थ जीवनशैली के लाभ पर विशेष चर्चा की जाएगी। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित सभी व्याधियों का चिकित्सकीय परामर्श व औषधि प्रदान करने के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य हेतु परामर्श दिए जाएंगे।

### डा. अमरोहित ने पीएससी अभ्यार्थियों को दिए टिप्स

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पीएससी एवं अन्य राज्यस्तरीय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा अभ्यर्थियों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार नालंदा प्रबंधन सोसाइटी द्वारा सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित सेमिनार हॉल में गत दिनों किया गया। इस सेमिनार में नालंदा लाइब्रेरी से जुड़े अभ्यर्थी भी शामिल हुए। इसी दौरान प्रतियोगी परीक्षा पुस्तकों के लेखक डा. गीतेश अमरोहित ने युवा अभ्यार्थियों के जिज्ञासाओं और प्रश्नों का सहजता से जवाब देते हुए प्रतियोगी परीक्षा तैयारी संबंधी कई टिप्स दिए। उन्होंने स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंजुला जैन, आकाश महेश्वरी, विस्तार फाउंडेशन के गजेंद्र साहू, अनिकेत सहित नालंदा और सेंट्रल लाइब्रेरी मैनेजमेंट टीम उपस्थित थे।

# राजस्थान को कोल खनन की अनुमति पर सीएम साय ने जताई अनभिज्ञता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरदेव अरण्य में खनन के लिए राजस्थान सरकार को अनुमति के मामले में उलझन पैदा हो गया है। राजस्थान के सीएम भजनलाल ने खनन की अनुमति के लिए छत्तीसगढ़ की साय सरकार को धन्यवाद दिया है, जबकि छग के सीएम विष्णुदेव साय ने अनुमति पर अनभिज्ञता जताई है। उन्होंने कहा, ऐसी कोई बात नहीं है और हमारी तरफ से ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। राजस्थान के सीएम की बधाई पोस्ट पर उन्होंने कहा, ऐसा कुछ नहीं है, उनकी तरफ से कोई गलती हो गई होगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को राजस्थान के सीएम भजनलाल का सोशल मीडिया (एक्स) में विद्युत आपूर्ति के लिए भूमि देने पर सीएम विष्णुदेव साय को धन्यवाद कह दिया था। उनके इस पोस्ट को शेयर कर छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने साय सरकार पर हमला करते हुए लिखा है कि छत्तीसगढ़ को रेगिस्तान में बदलने की साज़िश है।

## राजस्थान के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया में उत्खनन अनुमति पर सीएम साय को दिया था धन्यवाद

### बघेल ने शेयर किया राजस्थान के सीएम का पोस्ट

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने लिखा कि हमने छत्तीसगढ़ के जंगलों को बचाने को प्राथमिकता दी, इसलिए सारी अनुमतियां रोककर रखी गई थीं। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद हम दबाव में नहीं आए। हमने एलीफैंट कॉरिडोर बनाकर खदानों को बचाया। जंगलों को बचाने के लिए ही केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि 39 ख़दानों को नीलामी सूची से हटा दिया जाए। अब देखिए कि कैसे पेड़ काटने की अनुमति मिल रही है। राजस्थान के सीएम सैकड़ों हेक्टेयर जंगल काटने की अनुमति शीघ्र देने की बात कह रहे हैं।





पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने शेयर कर कहा- छत्तीसगढ़ को रेगिस्तान में बदलने की साज़िश

### राजस्थान के सीएम ने यह लिखा

दरसअल, 12 जुलाई को राजस्थान के सीएम ने सोशल मीडिया में लिखा कि सतत विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध राजस्थान सरकार। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजस्थान के विद्युत गृहों के लिए कोयले की आपूर्ति के लिए हसदेव अरण्य कोलफील्ड में संचालित परसा ईस्ट एवं कांता बासन (पीईकेबी) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टेयर वनभूमि का उपयोग करने की अनुमति प्रदान किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव का समस्त राजस्थान परिवार की ओर से हार्दिक धन्यवाद।

### शर्मा ने साय के सामने रखी ये मांग

उन्होंने अपने पोस्ट में इसके अतिरिक्त, राजस्थान में निर्बाध विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से स्थापित करने की दिशा में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से निम्नलिखित मांगों की पूर्ति के लिए सविनय अनुरोध करता हूं। पीईकेबी कोयला खंड से खनन कार्य निरंतर जारी रखने तथा वित्त वर्ष 2024-25 में 18 एमटीपीए की उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के लिए आवश्यक 108 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षों की कटाई करवाकर, एवं वित्त वर्ष 2025-26 से अगले छह वर्षों के खनन कार्यों के लिए आवश्यक 411 हेक्टेयर भूमि पर वृक्षों की कटाई के बाद, उक्त भूमि को आरवीयूएन को हस्तांतरित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। परसा कोयला खंड पर खनन कार्य प्रारंभ करने के लिए संबंधित भूमि पर वृक्षों की कटाई करवाकर उक्त भूमि को आरवीयूएन को हस्तांतरित करने की व्यवस्था करें। केंटे एक्सटेंशन कोयला खंड की पर्यावरण स्वीकृति के लिए आवश्यक जन सुनवाई एवं वन विभाग की अनुमति का पंजीकरण छत्तीसगढ़ शासन से अविलंब करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' के संकल्प के अनुरूप राजस्थान राज्य में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है।

## 19 लाख हेक्टेयर में खुर्रा और 1.32 लाख हेक्टेयर में रोपाई से बोनी

# बारिश कम, पिछड़ी बोनी, विभाग के अनुसार लक्ष्य के आधे से ज्यादा बुआई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर, दुर्ग, बस्तर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में मानसून के देर की वजह से खरीफ फसलों की बुआई पिछड़ रही है। खुर्रा बोनी करने के बाद किसानों को बारिश का इंतजार है। लगभग 20 से अधिक जिलों में कम बारिश के कारण बोनी प्रभावित हुई है। वहीं कई जिलों में बारिश के बाद कृषि विभाग का दावा है कि राज्य में अब तक 28.60 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। जो चालू खरीफ सीजन में अब तक लक्ष्य का 59 प्रतिशत है, जबकि इस सीजन में राज्य सरकार द्वारा 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों के बोनी का लक्ष्य रखा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष खरीफ के लिए प्रदेश में धान की बोनी लगभग 21 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गई है। किसानों ने खुर्रा बोनी के तहत 19 लाख हेक्टेयर में बोनी की है। वहीं जिन जिलों में बारिश अच्छी है, वहां पर 1.32 लाख हेक्टयर में रोपा पद्धति से बोनी की गई है। मक्का की फसल की बोनी लगभग 9.66 लाख हेक्टेयर में हो चुकी है। अरहर की फसल 2.77 लाख हेक्टेयर में बोई जा चुकी है। सोयाबीन की फसल की बोनी 2.60 लाख हेक्टेयर में हो गई है। मूंगफली की बोनी 1.50 लाख हेक्टेयर में हो गई है। ऐसे जिले जहां सिंचाई के साधन बेहतर हैं, वहां बोनी में तेजी देखी गई है। वहीं कई मैदानी जिलों में किसानों ने अच्छी बारिश के इंतजार में अभी भी बोनी शुरू नहीं की है।



फाइल फोटो

### जहां बोरवेल का साधन वहां रोपाई

जिले में 33395 हेक्टेयर में रोपाई किया जाना है, जिसमें अब तक सिर्फ 8653 हेक्टेयर में रोपाई हो चुकी है। जिनके पास बोरवेल्स का साधन है, ऐसे किसान रोपाई कर रहे हैं। अंजोरा के किसान हुकुमचंद ने बताया कि खेत में पानी नहीं ठहरने से खाद का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। खरीफ सीजन में जिले में करीब पचास हजार रकबा में सिंचाई का साधन नहीं है।

### 26 हजार हेक्टेयर में फसल की बोनी नहीं

दुर्ग जिले के किसान अब तक करीब 26 हजार हेक्टेयर में फसल की बोनी नहीं कर पाए हैं। कमजोर मौसम के कारण सबसे ज्यादा परेशानी रोपाई की फसलों को लेकर है। वहीं बोता पध्दति वाले किसान खेत में पानी का ठहराव नही होने से चिंतित है। जिले में एक लाख 35190 हेक्टेयर में बोनी का टारगेट रखा गया है। इसमें अब तक एक लाख 8379 हेक्टेयर में ही बोआई हो पाई है, जबकि 26 हजार हेक्टेयर में बोआई नहीं हो सकी है। प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक राजकुमार गुप्ता ने बताया कि जिले में 75 फीसदी बोता पध्दति से होती है। वर्तमान में फसल पांच से छह फीट हो चुकी है। आगे चलकर बियासी होना है, ऐसे में खेत में पानी रुकना जरूरी है। उन्होने बताया कि वर्तमान में बारिश के अभाव में खेत में पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है।

### बस्तर में बोनी 60 फीसदी, विभाग बता रहा 88 फीसदी

*बस्तर अंचल में किसान धान के साथ-साथ लाभकारी फसल पर ज्यादा रुचि ले रहे हैं। यहां सब्जी व मक्का फसल का रकबा में एकाएक वृद्धि हुई है। हालांकि बस्तर की मुख्य फसल आज भी धान है, कारण यहां धान फसल 1 लाख 17 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में उत्पादन किया जाता है। किसानों के मुताबिक बस्तर में लगभग 60 फीसदी क्षेत्र में बुआई होने की पुष्टि कर रहे हैं, जबकि कृषि विभाग 87.95 प्रतिशत बुआई पूरा किये जाने का दावा कर रहा है। बस्तर जिले के बास्तानार, दरभा, तोकापाल और लोहंडीगुड़ा के आशिंक क्षेत्र में किसान बुआई कर रहे हैं, जबकि जगदलपुर ब्लाक में बुआई 25 प्रतिशत और रोपा 75 प्रतिशत क्षेत्र में हो रहा है। बकावंड और बस्तर ब्लाक के 80 फीसदी किसान रोपा तकनीक से धान का उत्पादन करते हैं।*

# मूणत ने अपने विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक राजेश मूणत ने स्कूलों का कायाकल्प करने का मिशन शुरू किया है। बुधवार को कई क्षेत्रों का दौरा कर कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने स्कूलों में बाउंड्रीवाल निर्माण और पेवरब्लॉक लगाने विधायक निधि से 25 लाख देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा, स्कूलों का निरीक्षण करके यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा हूं कि वहां साफ सफाई हो, जल की व्यवस्था हो, स्वच्छ टॉयलेट उपलब्ध हो और खेलकूद का मैदान भी हो। इसके साथ कक्षाओं में छात्र-छात्राओं के बैठने की पर्याप्त और उचित व्यवस्था हो। उन्होंने मोहबा बाजार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर निगम आयुक्त, जोन आयुक्त एवं स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को स्कूलों में जरूरत के मुताबिक हर संसाधन जुटाने के निर्देश दिए। यहां रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा एक करोड़ 27 लाख लागत से स्कूल के भूतल प्रथम तल एवं ड्यूटी ताल का निर्माण किया जा रहा है। यहां के पुराने भवन का भी मेंटेनेंस किया जा रहा है।

### शेड निर्माण के लिए 1 लाख रुपये स्वीकृत किये

विधायक राजेश मूणत स्कूलों के दौरे के बाद रामनगर पहुंचे, जहां उन्होंने जसगीत प्रतियोगिता में शिरकत की। उन्होंने रामनगर के विभिन्न मोहल्ले में जनता की मांग पर लगभग 1 लाख रुपये के शेड निर्माण कार्य को भी स्वीकृत किया।

राजस्व के काम ठप

# आम आदमी दफ्तरों के चक्कर काटने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, कर्मचारियों की हड़ताल के कारण राजस्व विभाग का काम ठप पड़ा हुआ है। आम आदमी पटवारी से लेकर तहसील ऑफिस के चक्कर काटने को मजबूर है। राजस्व अधिकारी कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नामांतरण और बंटवारा, त्रुटि सुधार, ऋण पुस्तिका जैसे काम के लिए आम जनता को तहसील कार्यालयों के चक्कर काटना पड़ रहा है। साय सरकार का पूरा फोकस वसूली और भू माफिया को सरकारी संरक्षण पर है। आम जनता, किसानों, विद्यार्थियों और पालकों की परेशानी से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा, पटवारी की ज्यादातर मांगें, आम जनता को हो रही परेशानियों को लेकर है। संशोधन और त्रुटि सुधार के अधिकार के लिए है। तहसीलदार संघ की मांग भाजपा के कुशासन में बढ़ते अपराध के खिलाफ है। जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से दबंगई बढ़ गई है, अधिकारी कर्मचारियों को डराया जा रहा है, एक तहसीलदार से मारपीट और गाली-गलौज की गई थी, जिसके खिलाफ प्रदेशभर के तहसीलदार आंदोलित हैं, सरकार को इस मामले में संवाद कर तत्काल कार्यवाही करना चाहिए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है, जिसके कारण किसानों, छात्रों और उनके परिजनों को भटकना पड़ रहा है।

# पवन अध्यक्ष, सज्जन महासचिव और शांतिलाल बने कोषाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ मेड़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नए पदाधिकारियों का बुधवार को निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पवन सोनी, महासचिव सज्जन सोनी और कोषाध्यक्ष शांतिलाल सोनी को चुना गया। साथ ही दो कार्यकारी अध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी एवं महेंद्र सोनी को बनाया गया है। समाज के वरिष्ठजनों का आर्शीवाद लेने के बाद नए पदाधिकारियों ने समाजहित में पूरी सक्रियता से काम करने की बात कही। नवीन कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण करते हुए समाज के वरिष्ठजनों से मार्गदर्शन लेते हुए भावी योजनाओं पर कार्य करने विचार-विमर्श करते हुए रूपरेखा तय की। महिला विंग व युवा ईकाई टीम की भी प्रस्ताव रखा गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन सोनी, समाज के वरिष्ठ सदस्य चेतन सोनी, संपतलाल सोनी, घनश्याम सोनी, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, घेवरचंद सोनी, इंदरचंद सोनी, खिबराम सोनी, प्रकाश सोनी, राजेश सोनी व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

विपरीत परिणाम आने के बाद अतर्कलह को दूर करने जल्द नियुक्ति

# एक दर्जन से अधिक जिला और ब्लॉक अध्यक्षों पर गिर सकती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस, संगठन में नए सिरे से फेरबदल करने जा रही है। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के अलावा प्रदेश पदाधिकारियों पर भी आंच आ सकती है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार जिला कांग्रेस के उन अध्यक्षों को भी हटाया जा सकता है, जहां पर पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। विधानसभा चुनाव में हार के बाद प्रदेश कांग्रेस की अंतर्कलह देखने को मिली। लोकसभा चुनाव में भी इसका असर देखने को मिला। हार की समीक्षा में यह बात सामने आई कि विधानसभा चुनाव के दौरान जिला और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों द्वारा जो नाम सुझाए गए, उनके अनुसार टिकट न बांटकर सर्वे को आधार बनाया गया। विपरीत परिणाम आने के बाद वहां के प्रत्याशी स्थानीय नेताओं और जिला कांग्रेस पर दोष मढ़ने लगे हैं।

वहीं लोकसभा चुनाव में भी प्रत्याशी चयन का आधार पार्टी की समीक्षा में भी कई बातें सामने आई हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि संगठन में फेरबदल कर पार्टी में उठी अंतर्कलह को दूर किया जाए। बताया जाता है कि नगरीय निकाय चुनावों में ऐसी स्थिति न बने, इसे लेकर अभी से सतर्कता बरती जा रही है। संगठन स्तर पर हर जिले के चुनाव परिणामों की समीक्षा के अनुसार जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को कार्रवाई के तहत पद से हाथ धोना पड़ सकता है। अब पीसीसी सभी जिलों में नए सिरे से निचले स्तर के कार्यकर्ताओं को सक्रियता के आधर पर पद दे सकती है।



### प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति

विधानसभा चुनाव के बाद कई प्रदेश पदाधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। इनमें मोर्चा प्रकोष्ठ के कुछ अध्यक्ष भी शामिल हैं। नियुक्तियों में इन सभी पदों को जरूरत के हिसाब से भरने का प्रयास किया जाएगा। वहीं कई लोगों पर पार्टी ने कार्रवाई की थी। स्थानीय निकाय चुनाव के पहले इस सभी पदों को भरने का प्रयास किया जाएगा।

### इन जिलों में बदले जा सकते हैं अध्यक्ष

चुनाव परिणामों की समीक्षा के बाद पार्टी नए सिरे से जिलों में पार्टी को जहां भारी नुकसान हुआ, वहां पर ज्यादा फोकस कर रही है। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की भूमिका को लेकर जहां सवाल उठ रहे हैं, इन जिलों में रायपुर, दुर्ग, कवर्धा, बलौदाबाजार, महासमुंद, बलरामपुर, कोरिया, सरगुजा, रामानुजगंज, बैकुंठपुर, कोरबा, बिलासपुर सहित कई अन्य जिले भी शामिल हैं, जहां पार्टी को भारी हार का सामना करना पड़ा। यहां पर संगठन के स्थानीय विधायकों और पूर्व विधायकों से समन्वय और अन्य मामलों की भी समीक्षा की जा रही है।

## 549 सीसीटीवी कैमरे से 170 लोकेशन पर नजर

# दक्ष सेंटर से 5 साल में 9 हजार केस सुलझाने में पुलिस को सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के टॉप फ्लोर पर बनाए गये इंटेलिजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सेंटर दक्ष से 5 साल में 9 हजार केस की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को मदद मिली। वर्ष 2021-22 में शहर के कारोबारी प्रवीण सोमानी के अपहरण केस में दक्ष से आरोपियों का लोकेशन ट्रेस हुआ और इसी आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उनकी सकुशल वापस कराई।

इसके लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुलिस की टीम का हौसला अफजाई करते हुए एक-एक वेतन वृद्धि दी। दरअसल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में 196 करोड़ की लागत से शहर की निगरानी और ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने आधुनिक सुविधाओं से लैस दक्ष कमांड सेंटर बनाया गया है। यहां से चौबीसों घंटे शहर के 170 लोकेशन में लगाये गये 569 हाईटेक सीसीटीवी कैमरे से पूरे शहर पर नजर रखने की व्यवस्था है। यही नहीं, 50 लोकेशन पर ट्रैफिक सिग्नल और 45 जगहों पर पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम लगाया गया है। पिछले 5 साल में दक्ष की मदद से मिले फुटेज से पुलिस को 9000 केस में सहायता मिली है।



### केस 1 — ट्रक डाइवर मर्डर कांड

यूपी से गाड़ी लेकर आ रहे ट्रक ड्राइवर की अंबिकापुर से पहले मर्डर केस में पुलिस दक्ष सेंटर में आरोपी की पंडरी के पास लगाये गये सीसीटीवी से फूटेज खंगाला, जिसमें आरोपी कैमरे में नजर आए और इस फूटेज के आधार पर पुलिस की टीम ने आरोपी को पकड़ा।

### केस 2 — अपहरण कांड

कोरोनाकाल में कारोबारी प्रवीण सोमानी अपहरण कांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी दक्ष सेंटर से कनेक्ट सीसीटीवी कैमरे लोकेशन ट्रेस कर हुई। कारोबारी के अपहरण की घटना को तत्काल गंभीरता से लिया गया। अपहरणकर्ता के चंगुल से कारोबारी प्रवीण सोमानी की सकुशल वापसी हुई। यह दक्ष सेंटर की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है। कोरोनाकाल में वर्ष 2021-22 की इस घटना में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए तत्कालीन सीएम ने एक-एक वेतन वृद्धि का इनाम भी दिया।

### 45 चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल

*आईटीएमएस सिस्टम से 45 चौराहों पर 50 ट्रैफिक सिग्नल को कनेक्ट किया गया है। ट्रैफिक सिग्नल के ऊपर स्मार्ट चार्जर है, जो दिन में इन सिग्नल को आपरेट कर बिजली की बचत करता है। शहर में स्थापित 20 स्मार्ट पोल से आपातकालीन स्थिति में पुलिस की सहायता प्राप्त होती है। नगर निगम अब शहर के प्रमुख 45 चौराहों पर मवेशियों का झुंड पकड़ने आईटीएमएस की मदद ले रहा है। इसके लिए अब हर दिन दो आपरेटर दक्ष से मवेशियों के झुंड पर नजर रखेंगे। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में मंगलवार से शुरू की गई निगरानी में पहले ही दिन 60 लोगों ने निगम के हेल्प लाइन पर मवेशियों को सड़क से पकड़ने मदद मांगी।*

# केंद्रीय मंत्री खटीक से मंत्री राजवाड़े ने की मुलाकात



**रायपुर।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक से उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने केंद्रीय मंत्री डॉ. खटीक को बस्तर के आदिवासियों द्वारा बनाई गई प्रसिद्ध ढोकरा कलाकृति भेंट कर उन्हें छत्तीसगढ़ आने के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय मंत्री ने शीघ्र ही छत्तीसगढ़ आने के साथ दिव्यांगजनों की भलाई के लिए कार्य करने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता दीदी को रेनकोट वितरित

**रायपुर।** नगरनिगम जोन 3 कार्यालय में बुधवार को जोन अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू ने वार्डों में स्वच्छता सहित अन्य कार्य को संपादित करने वाली स्वच्छता दीदियों को बारिश से बचने रेनकोट वितरित किये। इस अवसर पर जोन आयुक्त प्रीति सिंह, सहायक अभियंता सुशील अहीर, उप अभियंता नरेश साहू, शाहिद हुसैन, जमीला बेगम उपस्थित रही।

### आमानाका ब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने आमानाका रेल्वे ओवर ब्रिज के नीचे प्रस्तावित वेंडिंग जोन का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेंडिंग जोन विकास के कार्य को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अधिकारियों को दिये। श्री मिश्रा ने प्रस्तावित स्थल को अवैध कब्जों से पूरी तरह से मुक्त करवाने की हिदायत दी।

### डेंगू जनजागरण अभियान

**रायपुर।** सूडा के निर्देश व जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर निगम शहर के 10 जोनों में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया। 12 से 15 जुलाई तक मच्छर जनित रोग डेंगू सहित अन्य जल जनित बीमारियों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अलग-अलग जोन में घरों का निरीक्षण कर करीबन 1612 घरों के विंडो कूलरों में भरा पानी खाली करवाया। इसके साथ हीघरों के विंडो कूलरों के भीतर एंटी लार्वा ट्रीटमेंट किया।

### वृंदावन हॉल में सम्मान समारोह 29 को

**रायपुर।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दसवीं कक्षा में अपनी स्कूल में हिंदी विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 29 जुलाई को 'स्व. टी. कृष्णवेणी स्मृति हिंदी श्रेष्ठ-सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित वृंदावन सभागार में शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकार अपनी लघुकथा, लघु व्यंग्य, कविता आदि का पाठ भी करेंगे। उन्होंने शहर के साहित्यकारों से इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध भी किया है।

### घायलों की जान बचाने वाले 5 नेक लोगों को एसएसपी ने किया सम्मानित




**रायपुर।** रायपुर जिले अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग एवं अन्य मार्गो में घटित सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की जान बचाने वाले गुड सेमेरिटंस (नेक इंसानों) को पुलिस प्रशासन ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एसएसपी संतोष सिंह 5 लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं शिल्ड प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ओम प्रकाश शर्मा, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह उपस्थित रहें। सम्मानित हुए लोगों में अखिलेश द्विवेदी निवासी कटोरा तालाब, योगेंद्र साहू निवासी महामाया नगर सरोरा, जितेश महंत निवासी मंदिर हसौद, कीर्ति परमानंद निवासी भाठागांव तथा शुभम साहू निवासी राजा तालाब शामिल है। इनमें किसी ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजकर तो किसी ने ब्लड का इंतजाम कर लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# बारिश के मौसम में डेंगू का खतरा, इस बार फर्जी क्लेम तो नपेंगे निजी अस्पताल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का मौसम आते ही जलजमाव की वजह से डेंगू का खतरा बढ़ जाता है। जनवरी से लेकर अब तक जिले में डेंगू के तीस केस सामने आए हैं, जिसका टेंशन नहीं है। आने वाले दिनों में अगर मामले बढ़ते हैं और निजी अस्पतालों द्वारा फर्जी क्लेम किया जाता है, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

■ पिछली बार बिना एलाइजा जांच के हुए थे तीन सौ से ज्यादा क्लेम

पिछली बार रायपुर जिले में बिना एलाइजा रिपोर्ट के डेंगू का इलाज करने वाले तीन सौ से ज्यादा मामले में क्लेम से विवाद की स्थिति बन गई थी। विभागीय स्तर पर जांच के बाद पचास प्रतिशत से ज्यादा मामलों के दावे निरस्त कर दिए गए थे। इस बार ऐसी गलती करने वाले अस्पतालों के खिलाफ नर्सिंग होम एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। सभी को एलाइजा टेस्ट अनिवार्य होगा, डेंगू की पुष्टि करने वाले मरीजों के लिए अलग वार्ड, 24 घंटे मच्छरदानी वाले बेड सहित अन्य सुविधा होना आवश्यक है। निर्देशित किया गया है कि एक भी नियम की कमी वाले अस्पताल डेंगू का इलाज नहीं करेंगे। अफसरों के अनुसार बारिश शुरू होने के बाद अब तक जिले में डेंगू के दर्जनभर मामले सामने आए हैं और जनवरी से लेकर अब तक इनकी संख्या तीस है। अभी मामला गंभीर नहीं है, मगर लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। इसके लेकर विभागीय स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

## जनवरी से लेकर अब तक जिले में 30 केस, फिलहाल टेंशन नहीं





### सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था

डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में भी विशेष इंतजाम किया गया है। जिला अस्पताल में इसके लिए अलग से वार्ड बनाए गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इसके भी उपचार के लिए व्यवस्था की गई है और उन्हें भी केंद्र सरकार की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए हैं। आंबेडकर अस्पताल में भी ऐसे मरीजों के उपचार के लिए पृथक इंतजाम किया गया है।

### सख्त हिदायत

डेंगू के मामले में तय नियमों का पालन करने सभी अस्पतालों को निर्देशित किया गया है, ऐसा नहीं होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों को जागरूक करने के लिए हर रविवार को अभियान चलाया जा रहा है। डेंगू के मच्छर जमा पानी में पनपते हैं, इसलिए बारिश के दिनों में सफाई जरूरी है।

- डॉ. विमल किशोर राय, जिला मलेरिया अधिकारी

### हर रविवार अभियान

स्वास्थ्य विभाग की टीम हर रविवार को दस सप्ताह, दस बजे और दस मिनट नाम से जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत विभिन्न इलाकों में जाकर लोगों को डेंगू से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। घरों में जाकर जलभराव वाली वस्तुओं को साफ करने, गर्मी के बाद बंद कूलरों को साफ करवाने मितानिन का सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही डेंगू संक्रमित पुराने मरीजों के आसपास के घरों और इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

## कम गहराई में पाइप लाइन बिछाने के कारण अवैध नल कनेक्शन के मामले बढ़े

# एक मीटर खुदाई कर बिछानी है पाइप लाइन कई गांवों में ठेकेदारों ने ढाई फीट में बिछा डाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल कनेक्शन देने के लिए पानी टंकी का निर्माण से लेकर पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक खत्म नहीं हो पाया है। कई गांवों में अब तक पाइप लाइन तक बिछाई नहीं गई है। इस योजना के तहत जारी गाइड लाइन के अनुसार पाइप लाइन बिछाने के लिए एक मीटर यानी 3.28 फीट जमीन में गड्ढा किया जाना है, लेकिन इस नियम का कई गांवों में पालन नहीं किया गया है। कहीं ढाई फीट, तो कहीं तीन फीट गहराई करके पाइप लाइन बिछा दी गई है। कम गहराई में पाइप लाइन बिछाने के कारण अब पानी की चोरी होने लगी है। कई ग्रामीण पानी की धार कम होने के कारण अवैध रूप से कनेक्शन लेने लगे हैं, जिसके कारण गांव के दूसरे परिवारों को पानी ही नहीं मिल पा रहा है।

### इस तरह की खामियां भी उजागर

राष्ट्रीय पेयजल मिशन अंतर्गत दिसंबर 2024 तक घर-घर नल कनेक्शन देना है। इस आदेश के तहत अब तक कई ग्रामों में पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाए जाने के बाद भी ग्रामीणों को कनेक्शन नहीं मिल पाया है, वहीं कहीं कनेक्शन मिल गया है, तो टंकी में पानी नहीं भरने के कारण नलों से पानी नहीं आ रहा है। कई जगह कनेक्शन ही शुरू नहीं किए गए हैं, तो कई जगह पाइप लाइन बिछाने का काम भी शुरू नहीं हो पाया है।

### कलेक्टर जनचौपाल में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं

गांव के एक परिवार ने इसकी शिकायत कलेक्टर जनचौपाल में भी की है, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हालांकि पीएचई विभाग के अधिकारी ने इस शिकायत की जांच किए बिना कागजों पर जवाब दे दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मापदंड के अनुसार पाइप लाइन बिछाई गई और कोई भी अवैध रूप से कनेक्शन नहीं लिया है, जबकि शिकायतकर्ता ने अवैध नल कनेक्शन का फोटो व विडियो बनाकर साक्ष्य के साथ शिकायत की है।



फाइल फोटो

### एक मीटर की खुदाई कर पाइप लाइन बिछाने का नियम

पाइप लाइन बिछाने के लिए एक मीटर की खुदाई करने का नियम है। इस नियम के तहत ही पाइप लाइन बिछाया जाता है।

- अविनाश एक्का, सब इंजीनियर, तिल्दा

### दो साल पहले बनी टंकी, पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं

*आरंग क्षेत्र के ग्राम कुरुद में पानी टंकी बने हुए दो साल हो चुका है, लेकिन पाइप लाइन बिछाने का काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है। यहां के सरपंच पारसराम साहू ने बताया कि राष्ट्रीय पेजयल मिशन अंतर्गत उनके गांव में पानी टंकी का निर्माण हुए दो साल हो गए हैं, लेकिन पाइप लाइन नहीं बिछाए जाने के कारण गांववासियों को कनेक्शन नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन में इसकी शिकायत की है, जिसके बाद अधिकारियों ने पाइप लाइन का सामान गांव में डंप किया हुआ है, लेकिन खुदाई का काम शुरू नहीं हो पाया है।*

### ग्राम भटिया में मामला उजागर

आरंग क्षेत्र के ग्राम भटिया में नल जल मिशन योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण व पाइप लाइन बिछाकर घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है। इस टंकी के जरिए घरों में गर्मी के सीजन से पानी की सप्लाई भी शुरू हो चुकी है। नए कनेक्शन से घरों में मिलने वाली पानी की धार बहुत कम आ रही थी। इसके कारण टंकी के पास और मुख्य पाइप लाइन के अगल-बगल रहने वाले कई ग्रामीणों ने पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण अवैध रूप से पाइप लाइन से दोबारा कनेक्शन ले लिया है। इस तरह लोग पानी की चोरी करने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार इस गांव में जो पाइप लाइन बिछाई गई है, वह निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं है। करीब तीन फीट से भी कम गहराई में पाइप लाइन बिछा दी गई है, जिसके कारण ग्रामीण आसानी से खुदाई कराकर पाइप लाइन से अवैध कनेक्शन लेने लगे हैं।

# जेल जाने को भी सेलिब्रेट कर रहे बदमाश, वीडियो बनाकर इंस्टा में शेयर कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



बदमाशों के मन में खौफ पैदा करने पुलिस कई तरह के अभियान चलाती है। चाकूबाजी, मारपीट की घटना करने वाले बदमाशों का पुलिस समय-समय पर थाना बुलाकर परेड भी कराती है। बावजूद इसके बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति कितना खौफ है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि बदमाश गिरफ्तार होने तथा जेल जाने को उत्सव के रूप में मना रहे हैं। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस की गिरफ्त में आया एक बदमाश पुलिस पेट्रोलिंग वाहन में अपने हाथ में लगी हथकड़ी दिखाते हुए सोशल मीडिया में वायरल किया है।

हथकड़ी लगे जिस बदमाश ने इंस्टाग्राम में अपना वीडियो वायरल किया है, उसका नाम संजू निहाल बताया जा रहा है। संजू को पुलिस ने पिछले दिनों चाकूबाजी के आरोप में गिरफ्तार किया था, जिसे पुलिस हथकड़ी लगाकर कोर्ट ले जा रही थी। इसी दौरान बदमाश ने अपने हथकड़ी लगे हाथ का लाइव वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में वायरल कर दिया। बदमाश ने वह वीडियो पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन के अंदर बनाया है। ऐसे में सवाल उठता है कि गिरफ्तारी के बाद कोर्ट ले जाते बदमाश के पास मोबाइल कैसे पहुंचा, जबकि पेट्रोलिंग वाहन में पुलिस भी मौजूद थी। इस तरह के सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने से बदमाशों के हौसले बुलंद होते हैं।

■ चाकूबाजी के आरोप में गिरफ्तार बदमाश ने हथकड़ी लगी वीडियो शेयर किया

# 157 कर्मियों को नियमित वेतन से वंचित रखने के विरोध में 19 को संचालनालय का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मियों ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ ने भी अब शासन के खिलाफ आंदोलन का रुख अख्तियार करने का मन बना लिया है। 157 कर्मियों को नियमित कर्मी की तरह वेतन से वंचित रखने से आर्थिक दिक्कतें आने लगी हैं। इसके साथ ही विभाग द्वारा संचालित छात्रावास एवं आश्रम में काम करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मांगों को लेकर समय-समय पर पत्र के माध्यम से ध्यानाकर्षण कराते आए हैं।

कर्मचारी संघ के लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि कई बार प्रयास करने के बाद भी किसी प्रकार की सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई। इससे कर्मचारियों ने अब संचालनालय का घेराव का निर्णय लिया है।

यह जानकारी बुधवार को पत्रकारवार्ता में धन्नू लाल देवांगन ने दी। उन्होंने बताया कि हर तरह का प्रयास करने के बाद कर्मचारी थक चुके हैं। रामलाल खुंटे व विजय कुमार पाल ने बताया कि 15 जुलाई को ही 8 हजार कर्मचारियों ने विरोध के लिए एक दिन का अवकाश लेने के लिए संयुक्त रूप से जानकारी दी है। अब 19 जुलाई को धरना स्थल पर विरोध के बाद घेराव के लिए निकलेंगे।

# बारिश में नाली जाम, घरों से कचरा उठाने में समय पर नहीं आती गाड़ी, 1 से 2 दिन का गेप

■ लभांडी के संकल्प सोसाइटी फेज के 4 चेंबर खुले, महीनों से ढक्कन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के सीजन में शहर के रिहाइशी इलाकों की नालियां जाम पड़ी हैं। लोगों के घरों से कचरा कलेक्ट करने वाली गाड़ी समय पर नहीं आ रही। सुबह 7 बजे आने वाली कचरा गाड़ी दोपहर को भोंपू बजाते पहुंचती है। कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां 1 से 2 दिन के अंतराल में लोगों के घरों से कचरा उठ रहा है।

हरिभूमि की पड़ताल में भुक्तभोगियों ने बताया, उन्होंने इसकी शिकायत जोन दफ्तर से लेकर वार्ड पार्षद और निदान 1100 में भी दर्ज कराई है। वहीं शहर के आउटर वार्ड में स्थित लभांडी के आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में पीएम आवासीय परिसर में 4 चेंबर महीनों से बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं। इससे मच्छर और सीवरेज की बदबू से लोग त्रस्त हैं।

### हीरापुर बस्ती, हाउसिंग बोर्ड कालोनी में नियमित नहीं उठ रहा कचरा

वीर सावरकर वार्ड के हीरापुर स्थित रामजानकी मंदिर इलाका, हीरापुर बस्ती और हाउसिंग बोर्ड की कालोनी में लोगों के घरों से कचरा उठाने नियमित रूप से रामकी की गाड़ी नहीं आ रही। रहवासियों का कहना है कि 1 से 2 दिन का गेप करके कचरा लेने गाड़ी आती है। इससे घरों का कचरा संभाल कर रखने में दिक्कत हो रही है, जबकि निगम वाले यूजर चार्ज प्रापर्टी टैक्स के साथ पहले ही जमा करा लेते हैं। बारिश के सीजन में कचरा कलेक्शन नियमित नहीं होने से कचरे की बदबू और गंदगी से परेशान होना पड़ता है।

## नगर निगम का सफाई सिस्टम लचर, मच्छर और बदबू से लोग परेशान



■ मच्छर और सीवरेज की बदबू से लोग त्रस्त हैं

■ निगम वाले यूजर चार्ज प्रापर्टी टैक्स के साथ पहले ही जमा करा लेते हैं

■ इसकी शिकायत जोन दफ्तर से लेकर वार्ड पार्षद और निदान 1100 में भी दर्ज कराई है

### दो दिन के बाद उठ रहा घरों से कचरा

कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड के ओमनगर, सोहननगर, निखिल विहार में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए रामकी की कचरा गाड़ी 2 दिन का गेप कर लोगों के घरों कचरा लेने आती है। भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद उमा-चंद्रहास निर्मलकर से की। पार्षद ने जोन 10 कमिश्नर को इससे अवगत कराया है। दो दिन के अंतराल से कचरा उठाने का सिस्टम लोगों को समझ नहीं आ रहा।

### चेंबर में महीनों से ढक्कन नहीं कचरा कलेक्शन में कोताही

शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी की आदर्श संकल्प सोसाइटी फेज 2 में नगर निगम द्वारा निर्मित आवासीय कालोनी में 232 परिवार रहते हैं। आवासीय परिसर के 4 चेंबर खुले हुए हैं। बारिश के समय इसमें जहरीले जीव-जंतु निकलने और ढक्कन खुले होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। सोसाइटी के पदाधिकारियों से जोन 9 कमिश्नर से इसकी शिकायत की है, पर महीनों बीतने के बाद भी चेंबर में ढक्कन नहीं लगाया गया। कालोनी के पास की कच्ची नाली की सफाई नहीं होने से बदबू उठ रही है।

### कचरा गाड़ी की टाइमिंग ठीक नहीं

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के शिक्षकनगर, शांतिविहार कालोनी, डगनिया चौक, श्रीराम चौक, खदान बस्ती सहित आसपास के रहवासी इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ी का निश्चित समय नहीं है। लोगों का कहना है कि कभी सुबह 7 बजे तो कभी दिन में 10 बजे और कभी -कभी तो दोपहर 12 बजे के बाद भोंपू बजाते हुए कचरा गाड़ी मोहल्ले में पहुंचती है। तब ज्यादातर घरों में लोग अपने कामकाज के सिलसिले में बाहर निकल जाते हैं।

### सिकासार में बढ़ा जलभराव

गरियाबंद जिले में अच्छी बारिश की वजह से सिकासार बांध के जलस्तर में पिछले साल के मुकाबले 6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पिछले साल यहां पर 16 जुलाई को 27 प्रतिशत जल भराव था, जो आज की स्थिति में 33 प्रतिशत है। यहां 1 जून से अब तक 270 मिमि बारिश दर्ज की गई है। वहीं धमतरी जिले माडमसिल्ली बांध में पिछले साल के मुकाबले पानी लगभग आधा प्रतिशत बढ़ा है। यहां पर बारिश के बाद बांध में अभी 1678 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है।

# मानसून सीजन में भी गंगरेल सहित कई बांधों के कंठ सूखे, कैचमेंट एरिया से आवक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धमतरी जिले में महानदी पर बने प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े गंगरेल बांध सहित कई बांधों के कंठ सूखे हैं। मानसून के सीजन में भी कैचमेंट एरिया से गंगरेल में पानी की आवक नहीं हो रही है। 32.150 टीएमसी क्षमता वाले इस बांध का जलग्रहण क्षेत्र मीलों तक फैला हुआ है। इसमें धमतरी के साथ बालोद व कांकेर जिले का भी बड़ा हिस्सा शामिल है। यहां पर जून में कम बारिश और जुलाई में कहीं-कहीं बारिश होने से बांध में पानी की आवक शून्य है। अब तक बांध में 4.83 प्रतिशत पानी बचा है। बांध की क्षमता 767 मिलियन क्यूबिक मीटर है, लेकिन अभी उसमें 37.3 मिलियन क्यूबिक पानी है।

सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में मानसून आने के बाद अनियमित बारिश की वजह से बांधों में पानी की आवक नहीं हो रही है। प्रदेश में बांधों की कुल क्षमता का केवल 5 प्रतिशत भराव क्षमता बढ़ी है। बांधों में बारिश के सीजन में प्रदेश के कई जिलों में कम बारिश की स्थिति बनी हुई है। कोरबा के हसदेव नदी पर बने बांगो बांध में पिछले साल के मुकाबले 36 प्रतिशत कम पानी है। यहां पर पिछले साल 70 प्रतिशत पानी था, जो इसी सीजन में मात्र 44 प्रतिशत है। गंगरेल बांध में पिछले साल के मुकाबले लगभग 48 प्रतिशत कम पानी का भराव है। 2023 में यहां जुलाई के पहले पखवाड़े में 53.87 प्रतिश जल भराव था, जो आज की स्थिति में मात्र 4.82 प्रतिशत है। तांदुला बांध में पानी की स्थिति पिछले साल के मुकाबले 60 प्रतिशत कम है। देखें तो पिछले साल यहां पर 65 प्रतिशत जल भराव था, जो कि इस साल 5.82 प्रतिशत है। दुधावा बांध की स्थिति देखी जाए, तो यहां पर पिछले साल के मुकाबले 40 प्रतिशत कम पानी है। इसी तारीख को 57 प्रतिशत पानी था, जो आज की स्थिति में मात्र 17 प्रतिशत रह गया है। दुधावा बांध के कैचमेंट एरिया में बारिश होने से बांध में 4014 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। खारंग बांध में पिछले साल के मुकाबले 15 प्रतिशत कम पानी है। यहां पर पिछले साल 76 प्रतिशत पानी था, जो आज की स्थिति में 61 प्रतिशत है।

## प्रदेश के बांधों में जून-जुलाई की बारिश में मात्र 5 प्रतिशत जलभराव बढ़ा

### पानी की आवक के बाद भी कम पानी

सोंढूर बांध में पिछले साल के मुकाबले 45 प्रतिशत कम पानी का भराव है। यहां पर पिछले साल इसी सीजन में 60 प्रतिशत पानी था, आज की स्थिति में यहां 15 प्रतिशत जल भराव है। बांध में बारिश के चलते कैचमेंट एरिया से 231 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। प्रदेश के 12 बड़े बांधों में जुलाई के पहले पखवाड़े में मात्र 32 प्रतिशत पानी है, जो पिछले साल 63 प्रतिशत था। वहीं 34 मध्यम बांधों 31 प्रतिशत पानी है, जो पिछले साल 59 प्रतिशत था।



फाइल फोटो



शहर में मुहर्रम के ताजिए के साथ मातमी जुलूस में हजारों की तादाद में जन सैलाब उमड़ा। इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मुस्लिम समाज के लोग ताजिया संग बरसते पानी में ही निकल पड़े। इस जुलूस में मन्नती शेर बनने वालों का हुजूम देखने लायक था। राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों से आए ताजिए करबला पहुंचे।

# बरसते पानी में ताजिए के साथ निकला मातमी जुलूस, करबला जाने वालों का उमड़ा सैलाब

## मुहर्रम के दिन इमाम हुसैन की शहादत की गई याद

**रायपुर।** हजरत इमाम हुसैन और करबला के शहिदों की याद में बुधवार को मातमी जुलूस निकला। अलग-अलग क्षेत्र से आए दोपहर में करबला की याद में या हुसैन का नारा लगाते हुए जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे थे, वैसे-वैसे विभिन्न क्षेत्र से ताजिया के साथ निकलने वाले लोगों का कारवां आगे बढ़ता जा रहा था। इसमें शेर का रूप धारण करने वाले हर वर्ग के लोग शामिल थे। पुलिस के साथ अलग-अलग क्षेत्र के आयोजक भी व्यवस्था बनाते हुए ताजिए को लेकर आगे बढ़ते रहे। जुलूस को देखने के लिए लोगों की भीड़ भी जुटी।







### 24 घंटे में धारण किया वेश

लोग छाल, चमड़े व बाल से तैयार किए गए सामान से मन्नती शेर मूंछ व शेर जैसे दांत लगाकर जुलूस का हिस्सा बने। युवाओं के साथ बच्चे भी मन्नत के शेर का वेश धारण करके ताजिया के साथ चल रहे थे। इनमें हिंदू व मुस्लिम दोनों ही शामिल रहे। ताज नगर ईमाम बाड़ा से निकलकर लोग विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए करबला तालाब पहुंचे। कालीबाड़ी चौक के पास शाम 5 बजे तक जुलूस आगे बढ़ता नजर आया। इसमें जिस मोहल्ले से ताजिया निकला, उस क्षेत्र के लोग भी जुलूस का हिस्सा बनकर पीछे चल रहे थे। इमाम हुसैन की याद में निकाले गए मातमी जुलूस में सहयोग कर रहे थे।



### अलग-अलग मुद्रा में करतब

टिकरापारा, राजा तालाब, मोमिनपारा, बांसटाल, छोटापारा में नमाज अता करने के बाद लोग मातमी जुलूस के साथ आगे बढ़े। बच्चे व युवा शेर का रूप धारण करने के बाद जुलूस में करतब दिखाते हुए आगे बढ़ रहे थे। इनको देखने के लिए राह चलते लोगों ने भी रुकने के बाद ताजिए की इबादत करते हुए कई जगह उनकी आवभगत का भी इंतजाम किया। वहीं ऑयल पेंट से सजाए गए मन्नती शेर भी ताजिया के साथ अलग-अलग मुद्रा में करतब दिखाते हुए उनके साथ चल रहे थे। इसमें मन्नती शेर का रूप धारण करने वालों संग सगे-संबंधी भी साथ चल रहे थे।

### इस रूट से निकला ताजिया

मुस्लिम समुदाय द्वारा अन्जुम-ए-अलमदारे हुसैनी इरानी जमात द्वारा राजा तालाब पंडरी से दोपहर 2 बजे इमाम बाड़ा से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। जो पंडरी बस स्टैंड, खालसा स्कूल, शास्त्री चौक से मरहीमाता चौक पहुंचा। मौदहापारा थाना के सामने से होकर वे एमजी रोड होते हुए जीई रोड से आमापारा चौक पहुंचे। वहां से करबला तालाब तक जुलूस को पुलिस द्वारा बनाई गई व्यवस्था के तहत आगे बढ़ने में सहयोग दिया गया। तय मार्ग में रैली पहुंचने के 100 मीटर पहले ही सुविधा के लिहाज से यातायात को डायवर्ट किया।

## कैंपस इवेंट

# कॉलेजों में प्रवेश के लिए पोर्टल में आवेदन की आवश्यकता नहीं

**रायपुर।** दो चरणों की मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद पं.रविशंकर शुक्ल विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रथम चरण के लिए आवेदन मंगाए जाने के दौरान रविवि ने अपने छात्रों के लिए आवेदन पोर्टल खोला था। लेकिन पोर्टल बंद होने के कारण छात्र अब ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसी स्थिति में छात्रों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। वे सीधे महाविद्यालय जाकर प्रवेश ले सकते हैं। हालांकि छात्रों को अपने साथ सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज लाने होंगे। बारहवीं कक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रों को महाविद्यालयों में दाखिले दिए जाएंगे। महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की स्थिति और छात्रों की सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।



### निर्धारित वक्त में अपलोड होगी जानकारी

*जो छात्र ऑफलाइन मोड में सीधे प्रवेश ले रहे हैं, उनकी जानकारी महाविद्यालयों को तय समय सीमा के भीतर ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। इस संदर्भ में विवि प्रबंधन द्वारा पहले ही दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा हेल्प डेस्क भी बनाए गए हैं, जहां से छात्र प्रवेश संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मौजूदा सत्र में दाखिले की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।*



### बच्चों को पोषण देना हमारा कर्तव्य

डगनिया स्थित उमेश उपाध्याय शासकीय प्राथमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। यहां बच्चों को पौष्टिक भोजन कराया गया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण अभियान के तहत विशेष दिनों पर स्कूली बच्चों के बीच न्योता भोज का आयोजन जन सामान्य द्वारा किया जा रहा है। कल्याणी शर्मा ने अपने पति स्व.बलराम शर्मा के जन्मदिन स्मृति में बच्चों न्योता भोज कराया। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य अल्का त्रिवेदी, प्रधान पाठक कृष्णा ठाकुर सहित 100 से अधिक बच्चे उपस्थित रहे। शिक्षकों और अतिथियों ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों को पोषण देना हमारा कर्तव्य है।

## लाइव इवेंट

# बुके की जगह क्लब देंगे पौधा रिटर्न गिफ्ट में बीज वितरण




**रायपुर।** रोटरी क्लब रायपुर ग्रेटर संस्थान के 21वीं इंस्टॉलेशन सेरेमनी का आयोजन वृंदावन हॉल में किया गया। 2024 के लिए डॉ. पंकज चोपड़ा को प्रेसिडेंट बनाया गया। साथ ही नवीन कार्यकारिणी सदस्यों में सचिव अंकेश जालान और कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल को चयनित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अखिल मिश्रा शामिल हुए। विशेष अथिति स्वरुप भूतपूर्व हाईकोर्ट जज जस्टिस गौतम चौरडिया एवं शशि वरवंडकर को आमंत्रित किया गया।

### पर्यावरण, शिक्षा स्वास्थ्य कार्यों पर जोर

डॉ. पंकज चोपड़ा ने अपने संबोधन में नवीन वर्ष में होने वाली प्रत्येक गतिविधियों की रुपरेखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की। सर्वप्रथम नई कार्यकारिणी सदस्यों के परिचय से संबोधन की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा, इस वर्ष समस्त कार्यक्रम में अतिथियों को बुके के स्थान पर उपहार स्वरुप पौधा दिया जाएगा। साथ ही रिटर्न गिफ्ट में बीज दि या जाएगा। इस अवसर पर जल बचाव, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य व मानव कल्याण जैसे अनेक विषयों पर योजना तैयार कर कार्य करने की बात कही गई। समारोह के दौरान जस्टिस गौतम चोरेडिया, सुभाष साहू, राकेश चतुर्वेदी, मेजर दीपक मेहता, राकेश दवे, रणजीत सैनी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

बिलासपुर की रूपाली भी रही टीम का हिस्सा

# कॉमनवेल्थ गेम्स में रीबा ने न्यूजीलैंड में बढ़ाया छग का मान, हासिल किया रजत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बेटी रीबा बेनी ने कॉमनवेल्थ गेम्स में न्यूजीलैंड में अपने परफॉरमेंस से व्यक्तिगत इवेंट में अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में नौंवा स्थान अर्जित किया। क्राइस्ट चर्च न्यूजीलैंड में हुए 2024 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रीबा बेनी ने टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया। बुधवार शाम रायपुर वापसी पर उनका स्वागत किया गया। वहां गर्मजोशी से स्वागत के बाद कोच एवं परिवार के लोग रीबा को लेकर तेलीबांधा मरीन ड्राइव पहुंचे। यहां बैंडबाजे के साथ उनके निवास अमलीडीह तक विजय जुलूस निकाला गया।





### स्वागत में छलका उत्साह

मरीन ड्राइव से अमलीडीह स्थित उनके निवास तक ढोल बजाकर रैली निकाली गई। इसमें नाचते हुए लोग सेल्फी बनाने व माला पहनाकर रीबा का स्वागत करने आतुर नजर आए। रास्ते पर दिन जैसा माहौल था, आतिशबाजी करते हुए लोगों का हुजूम घर तक पहुंचा। लोगों में उल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर उनके माता- पिता, भाई, प्रशिक्षक सभी जश्न मनाते नजर आए। फोटो खींचने के लिए भी लोग आतुर नजर आए।

### फाइनल में इंग्लैंड से मिली करीबी हार

जिला फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ रायपुर के सचिव अखिलेश दूबे ने बताया, सेमीफाइनल में भारत ने मेजबान न्यूजीलैंड को 45-37 से पराजित किया। इसमे रीबा ने 17 अंक लेकर टीम को जीत दिलाई। फाइनल में भारतीय टीम की इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा। इसका स्कोर 37-45 रहा। फाइनल में रीबा ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले 22 अंक लेकर टीम का स्कोर सम्मान जनक स्थिति में पहुंचाया। भारत की पांच सदस्यीय टीम में रायपुर की रिबा बेनी और बिलासपुर की रूपाली साहू भी शामिल थी।

# शिक्षा केवल पैसा कमाने नहीं बल्कि सम्मान से जीने के लिए

**रायपुर।** एमिटी यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अवसर और चुनौतियां विषय पर सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। उच्च शिक्षा सचिव प्रसन्ना आर ने उद्घाटन भाषण में 2035 तक छत्तीसगढ़ को विकसित करने के मिशन पर जोर दिया और तकनीकी परिवर्तन की तीव्र गति पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को रोजगार के लिए कौशल से लैस करने के लिए शिक्षण और सीखने के तरीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।



निजी विवि नियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. कर्नल उमेश मिश्रा ने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में नवीन शैक्षणिक दृष्टिकोण और अंतःविषय शिक्षा की भूमिका पर जोर दिया। प्रोफेसर मिश्रा ने यह भी कहा, शिक्षा पैसा कमाने के लिए नहीं है, यह सम्मान के साथ जीने के लिए है। इंदिरा गांधी कृषि विवि में कृषि इंजीनियरिंग के डीन प्रो. विनय पांडे ने व्यावसायिक शिक्षा और कृषि विज्ञान के संदर्भ में जानकारी साझा की।

## सराफा एसोसिएशन का वेब पोर्टल और क्यूआर कोड लांच

कार्नर न्यूज

# पहले एक खास क्षेत्र में सीमित रहती थी सराफा दुकानें, बीते 24 वर्षों में प्रदेश में 100 गुना बढ़ा है कारोबार, यह उन्नति का द्योतक

**रायपुर।** सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने बुधवार को शपथ ली। उप मुख्यमंत्री अरुण साव शपथ ग्रहण और आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए। साइंस कॉलेज परिसर स्थित पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में एसोसिएशन के वेब पोर्टल और क्यूआर कोड को लॉन्च किया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक अमर अग्रवाल भी समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बिलासपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता और बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य सुनील ओटवानी ने सराफा एसोशिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री ने कहा, नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने नेतृत्व में प्रदेशभर के सर्राफा व्यापारियों को एकजुट करने का काम करेंगे। सराफा व्यवसायियों के हितों के संरक्षण के साथ ही समाज सेवा का महती कार्य भी किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में सराफा व्यवसाय के उत्थान में सरकार हर कदम पर एसोशिएशन के साथ खड़ा है।



### प्रदेशभर से पहुंचे सराफा कारोबारी

बिलासपुर उच्च न्यायालय में अधिवक्ता और बॉर काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य सुनील ओटवानी, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी और कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन ने भी समारोह को संबोधित किया। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने स्वागत भाषण दिया। छत्तीसगढ़ सराफा एसोशिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव प्रकाश गोलछा ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश भर से आए विभिन्न सराफा एसोशिएशन्स के पदाधिकारी और सराफा व्यवसायी समारोह में बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### लोगों की खरीददारी क्षमता बढ़ी



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, सराफा व्यवसाय किसी प्रदेश की प्रगति का द्योतक है। सराफा व्यवसाय का बढ़ना राज्य की तरक्की का प्रतीक है। पहले एक खास क्षेत्र में सीमित रहने वाले सराफा दुकानों का अब शहर के अलग-अलग क्षेत्रों और बाजारों में विस्तार हो रहा है। पिछले 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ में सराफा का व्यवसाय करीब सौ गुना बढ़ा है। समारोह में विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद यहां की सामाजिक और आर्थिक प्रगति हम सबने देखी है। प्रदेश में सराफा की नई दुकानें तेजी से खुल रही हैं जो बताती है कि यहां के लोगों की खरीदारी की क्षमता लगातार बढ़ रही है। प्रदेश के आर्थिक विकास में योगदान के लिए मैं सराफा व्यापारियों को धन्यवाद देता हूं।

## समाज इवेंट

# क्लब सदस्यों ने छात्रवृत्ति प्रदान करने एकत्र की राशि



रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन द्वारा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। बीते 15 वर्षों से लगातार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए यह योगदान दिया जाता है। समिति सदस्यों ने बताया, इसका मुख्य उद्देश्य शहर के आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। छात्रवृत्ति की राशि से छात्र अपने शिक्षा संबंधित गतिविधियों में हिस्सा लेकर अच्छे अंक हासिल कर सकते है।

### 20 छात्रों को दी गई 4 लाख की स्कॉलरशिप

रोटरी कॉस्मो के अध्यक्ष आशीष नत्थानी ने बताया, बीते कई वर्षों से छात्रवृत्ति संबंधित सुविधा दी जा रही है। जिसमें क्लब के सदस्यों द्वारा प्रत्येक वर्ष सहयोग किया जाता है। बीते कई साल से शिक्षाविद डॉ.जवाहर सुरीसेटी ने अपना योगदान दिया है। छात्रवृत्तिय वितरण समारोह में मुख्य अतिथि स्वरुप सांसद बृजमोहन अग्रवाल को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने उपस्थित बच्चों को छात्रवृत्ति की राशि वितरित की। कार्यक्रम के दौरान सहायता के लिए 4 लाख रुपए का सहयोग किया गया, इस दौरान लगभग 20 छात्रों को राशि वितरित की गई। इस दौरान अतिथि एवं क्लब के सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को अच्छे से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी गई।

## सिटी लाइव

# पुराने कार्यों का पेश किया ब्योरा नए अधिकारियों को दी सीख



रायपुर। इंटरैक्ट पिनेकल क्लब ने एक निजी होटल में अपना स्थापना समारोह मनाया। यह क्लब रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वीन द्वारा ही प्रायोजित है। इस अवसर पर नई टीम के अध्यक्ष दर्श फालोदिया और सचिव रागिनी आहूजा ने पदभार ग्रहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि दीपक मेहता रहे। विशेष अतिथि सीए उत्तम कुमार गर्ग ने भी इस अवसर की शोभा बढ़ाई। पिछली टीम ने अपने कार्यों का प्रदर्शन किया, जो पिछले वर्ष के मेंटर्स रोटेरियन निशा बाफना और रोटेरियन लक्ष्मी गर्ग के मार्गदर्शन में पूरे किए गए थे। पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन मोनिका जग्गी, वर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन ध्रुति दवे और सचिव रोटेरियन मनप्रीत कौर भी इस अवसर पर उपस्थित थीं और उन्होंने सदस्यों को उनके नए कार्यकाल के लिए बधाई दी। उन्हें प्रोत्साहित करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया।

### पूजन कर मनाया महाविद्यालय स्थापना दिवस

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन शिक्षण समिति द्वारा संचालित विप्र महाविद्यालय में 29वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया, प्रत्येक वर्ष स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान विप्र पब्लिक स्कूल का 7वां स्थापना दिवस और परिसर स्थित सिद्धिविनायक मंदिर का 6वां स्थापना दिवस भी मनाया जाता है। आचार्य डॉ. इंदुभवानंद महाराज को आमंत्रित किया गया, जिनके द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई। विधि विधान से पूजा में संगठन सदस्य शामिल रहे। समारोह में आचार्य धर्मेंद्र महाराज व महेंद्र महाराज के निर्देशन में सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा संपन्न की गई।

## कैंपस इवेंट

# शिक्षकों ने सीखा, खेल-खेल में कैसे सिखाएं बच्चों को



रायपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कई तरह के बदलाव स्कूली पाठ्यक्रम में किए गए हैं। इस बदलाव के बारे में विविध कार्यशालाओं के माध्यम से शिक्षकों को जानकार दी जा रही है। 'स्कूल रेडी नेस' के अंतर्गत ग्रेड-1 के बच्चों को 3 माह तक खेल आधारित शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए 4 दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण एससीईआरटी द्वारा दिया गया। इसमें शिक्षकों ने जाना कि किस तरह से खेल-खेल में बच्चों को सीखाया जा सकता है। एससीईआरटी संचालक राजेंद्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण हुआ।

### प्राथमिक शिक्षा के तीन लक्ष्य

प्रशिक्षण में मुख्य रूप से तीन लक्ष्य पर प्रकाश डाला गया। इसमें प्रथम बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली को बनाए रखना, दूसरा बच्चों का प्रभावशाली संप्रेषण बनना और तीसरा बच्चों का सीखने के प्रति उत्साह और पर्यावरण से जुड़ाव है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। बच्चों को इन 3 महिनों में प्राप्त करना होगा। उद्घाटन सत्र में एनसीईआरटी से डॉ. शरद सिन्हाने विद्या प्रवेश मॉड्यूल पर अपनी बात रखी। वे ऑनलाइन इसका हिस्सा बने। इस वर्चुअल प्रशिक्षण में 130 शिक्षक शामिल हुए।

## विदेश भेजी जानी वाली राखियों के लिए खरीदी शुरू

# मेरी राखी है जापानी... कोलकाता, मुंबई संग इस बार शहर में विदेशी राखियां

"

रक्षाबंधन अभी 33 दिन दूर है, लेकिन बहनें विदेश में रहने वाले भाइयों को राखी भेजने के लिए अभी से राखी खरीदने बाजार पहुंच रही हैं। इसे देखते हुए शहर के थोक व्यापारियों ने कोलकाता, मुंबई ही नहीं बल्कि जापानी राखी को भी इस बार सजाना शुरू किया है। वे चंदन, मेटल के साथ ही जरी वर्क वाले लुम्बा को खरीदने में रुचि ले रही हैं। रिटेलर अभी से बाजार में दस्तक दे रहे हैं।

### अगस्त में बढ़ेगी स्पीड पोस्ट की संख्या

डाक विभाग के सूत्रों ने बताया कि अभी एक-दो लोग ही विदेशों में रहने वाले अपने भाइयों के लिए राखी स्पीड पोस्ट करने के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें अमेरिका, कनाडा, नाईजीरिया व थाईलैंड के लिए ही कुछ लोगों ने स्पीड पोस्ट बुक किया है। अभी विदेशों के लिए ही लोग राखी व लुम्बा को स्पीड पोस्ट करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे लोगों की संख्या बहुत कम होती है। राखी के लिए पीली पेटी शहर में लगने के बाद लोकल राखी भेजने वालों की संख्या बढ़ती है। इसके लिए अगस्त में विभाग द्वारा पहल की जाती है। अगस्त में देश के अंदर एक शहर से दूसरे शहर राखी भेजने वालों की संख्या बढ़ेगी।



चंदन व मेटल के साथ जरी वर्क वाली लुम्बा का क्रेज

रायपुर। वे राखी के साथ डिजाइनर रोली व चावल भी भाइयों को भेजने के लिए खरीद रही हैं। शहर में राखी के लिए बाजार सजने लगा है। इसे देखते हुए छोटे दुकानदार आर्डर बुक कराने के लिए भी पहुंचने लगे हैं। इस बार कई तरह की राखियां बड़े व्यापारियों ने पहले से मंगाकर दुकानों में सजानी शुरू की है। इससे राखी के लिए पहले से ही बाजार में रौनक बढ़ने लगी है।







गोलबाजार के थोक व्यापारियों के अनुसार, राखी के लिए महीनेभर पहले पूछ-परख बढ़ने लगती है। अरिहन्त जैन ने बताया कि इस बार महानगरों के अलावा जापानी राखी भी बल्क में आर्डर करने के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। शुरुआत में ऐसी बहनें भी आती हैं, जिनके भैया व भाभी अमेरिका, कनाडा, थाईलैंड सहित अन्य दूसरे देशों में रहते हैं। उनके पास समय से पहले राखी व लुम्बा पहुंचे, इसके लिए महीनेभर पहले ही खरीदने के बाद स्पीड पोस्ट से भेजना पड़ता है। इस लिहाज से बहनों ने अभी से तैयारी शुरू की है।

### रेशम के धागे में चंदन

दुकानदार धनराज जैन बताया, रेशम के रंग-बिरंगे धागों में चंदन की लकड़ी से फ्रेम करके तैयार की गई राखी लोगों को बेहद पसंद आ रही है। इसी तरह मोतियों से रेशम के धागे में गुथी हुई मेटल राखी को भी पसंद किया जा रहा है। यह राखी इस सीजन में पहली बार बाजार में इसके लुक को देखते हुए मंगाया गया है। इसी तरह जरी वर्क करके तैयार की गई कनक राखी को भी खरीदने में रिटेलर दिलचस्पी ले रहे हैं। इसे देखते हुए खपत के हिसाब से आर्डर करके मंगाया गया है।



### डिजाइनिंग लुम्बा व रोली

इस बार 19 अगस्त को राखी का पर्व मनाया जाएगा। इसके पहले ही बाजार में भाइयों की कलाई सजाने के लिए राखियों की विशाल रेंज मौजूद है। इसमें 20 रुपए से 100 रुपए तक की राखियों को बेचने के लिए सजाया गया है। डिजाइनिंग लुम्बा के साथ ही रोली व चावल भी स्पीड पोस्ट करने के लिए बहनें खरीद रही हैं। इससे बाजार में पसरी विरागनी एक बार फिर दूर हो गई है। इसके साथ ही चहल-पहल शुरू हुई है।

# आषाढ़ी एकादशी पर 450 वर्षों की परंपरा कायम, 12 घंटे तक कीर्तन

## हनुमान मंदिर तात्यापारा में एकादशी के अवसर पर 'श्री हरि कीर्तन'





रायपुर। तात्यापारा के प्राचीन हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी आषाढ़ी एकादशी पर 12 घंटों का अखंड सामूहिक भजन किया गया। इसे 'श्री हरि कीर्तन' कहा जाता है। यह प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि के 10 बजे तक अनवरत चला। इस कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष दोनों की सहभागिता होती है। प्रातः 10 बजे से 6 बजे तक पहले महिला समूह, तत्पश्चात 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक मंदिर के पुरुषों की भजन समिति इस हरि कीर्तन कर अनवरत संपन्न करते हैं। इसमें रायपुर का समग्र महाराष्ट्रीय समाज अपनी उपस्थिति दर्ज करवाता है। यह प्रतिवर्ष पर होने वाला एक परंपरागत, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम है। जन मंडली मिलकर श्री हरि कीर्तन की सेवा देते हैं। बुधवार को तात्यापारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में क्रमबद्ध रुप से तात्यापारा महिला मंडल, सुंदर नगर महिला मंडल एवं वल्लभनगर की महिला मंडल के सदस्यों के साथ लगभग 13 अन्य केंद्रों की सदस्यों ने मिलकर हिस्सा लिया।

### झूम उठे श्रद्धालु

सामूहिक भजन कीर्तन के दौरान भजन की धून पर श्रद्धालुगण झूमते नजर आए। जहां मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की भीड़ देखने को मिली। हनुमान मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत मोहदीवाले ने बताया, प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर यह परंपरा लगभग 450 वर्षों से निरंतर चलती आ रही है। इस अवसर पर मराठी समाज द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा मदन ने बताया, कार्यक्रम में बूढ़ापारा, सिविल लाइन्स, अमलीडीह, टाटीबंध, कोटा, सरोना, वल्लभ नगर, मोवा- दलदल सिवनी, तात्यापारा, चौबे कॉलोनी, सुंदर नगर,अंवति विहार, शंकर नगर, देवेंद्र नगर, रोहणीपुरम और डंगनिया केंद्र की महिलाएं शामिल हुईं।

# ट्रेनी आईपीएस अफसरों ने देखी आदिवासियों की सहकारिता

रायपुर। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को ट्राइबल कोऑपरेटिव का भ्रमण कराया जा रहा है। इस कड़ी में उन्हें वनोपज प्रसंस्करण केंद्र दुगली ले जाया गया। जिसमें देशभर के 2023 बैच के 27 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी सम्मिलित हुए। भ्रमण कार्यक्रम में टीम की बुशरा बानो, देवेश चतुर्वेदी, कुश मिश्रा, कृतिंका शुक्ला, सैयद मुस्तफा हाशमी, अभिनव, भ्रमण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एन आर के चंद्रवंशी डिप्टी कमिश्नर कोऑपरेटिव, योगेंद्र ठाकुर शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर शाखा नगरी, उपस्थित रहे। प्रशिक्षु अधिकारियों को आदिवासी क्षेत्रों में सहकारिता के प्रभाव के बारे में बताया गया। अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण, कृषि आदान, समर्थन मूल्य धान खरीदी के बारे में जानकारी दी गई।



### आदिवासियों को मिल रही है उचित कीमत

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति दुगली के प्रबंधक सुरेश साहू ने सहकारी समिति के माध्यम से ट्राइबल्स को होने वाले लाभ एवं संघ द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया। प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के संग्राहकों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संग्रहित लघु वनोपज के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं उत्पाद का विपणन के संबंध में जानकारी दी गई। सहकारिता उपायुक्त एनआरके चंद्रवंशी ने बताया, छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर लघु वनोपज उत्पाद क्रय करने से मार्केट रेगुलेशन का कार्य हुआ है। विशेषकर ट्राइबल क्षेत्र में वनोपज संग्राहक उचित मूल्य प्राप्त कर रहे हैं एवं उनके जीवन स्तर में आर्थिक सामाजिक रूप से सुधार हो रहा है।

## जैन मुनि सुधाकर ने 14 साल की उम्र में ली थी दीक्षा, कहा-व्यक्ति अपने भाग्य का निर्माता स्वयं

# संन्यास के बाद पारिवारिक सदस्यों से भी मिलते हैं सामान्य लोगों की तरह, दीक्षा के लिए व्यक्ति की उम्र नहीं, योग्यता महत्वपूर्ण

कार्नर न्यूज





रायपुर। परिवारिक मोह-माया से दूर सन्यासी जीवन को अपनाना समान्य व्यक्ति के लिए कल्पना में भी मुश्किल है, लेकिन जैन धर्म में छोटे बच्चे से लेकर बड़े व्यक्ति सन्यासी जीवन में प्रवेश करते हैं। जहां व्यक्ति आचार्य से कई माह शिक्षा प्राप्त करता है और दीक्षा प्राप्ति की ओर आगे बढ़ता है। किसी भी समान्य व्यक्ति के लिए साधु जीवन को सरलता से अपनाना असान नहीं है, इसके लिए दृढ़ निष्ठा का होना आवश्यक है। दीक्षा का संबंध व्यक्ति की उम्र से नहीं, बल्कि उनकी योग्यता से है। यह कहना है जैन मुनि सुधाकर का। उन्होंने बताया, सन्यासी जीवन अपनाने के बाद परिवार के सदस्यों से कई बार मिलना होता है, लेकिन उनसे केवल समान्य व्यक्ति के हिसाब से ही बातचीत होती है। सन्यासी जीवन में रहते हुए परिवारिक सदस्यों को सामान्य व्यक्ति का दर्ज दिया जाता है।

गौरतलब है कि जैन मुनि सुधाकर ने आचार्य महाप्रज्ञ से 14 वर्ष की आयु में ज्ञान मार्ग संबंधित दीक्षा प्राप्त की। छः माह की शिक्षा के पश्चात 26 अप्रैल साल 2000 में सन्यासी जीवन को अपनाया। साधु जीवन में प्रवेश करने से पूर्व जैन मुनि राजस्थान के चुरू जिले के राजेन्देशक कस्बे में निवास करते थे। वे बीते 24 वर्ष से सन्यासी जीवन में हैं। बीते कई सालों में देशभर के अनेक राज्यों में प्रवास कर, लोगों को मोक्ष के मार्ग में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वे कहते हैं कि दीक्षा के पश्चात व्यक्ति की आत्मशक्ति जागृत हो जाती है। तप ही मोक्ष का मार्ग है। जैन दर्शन में मुख्य रुप से चार विषयों की बात कही गई है। इसमें ज्ञान, दर्शन, चरित्र और तप शामिल है। जिसके होने से व्यक्ति सन्यासी जीवन की राह में आगे बढ़ता है।

### आत्मा थी, है और हमेशा रहेगी

शरीर कभी भी समाप्त हो सकता है लेकिन आत्मा थी, है और रहेगी। व्यक्ति अपने भाग्य का निर्माता स्वयं होता है, जीवन में सफलता व हार के लिए वह खुद जिम्मेदार होता है। सदेव महावीर स्वामी एवं आचार्य महाप्रभ की वाणी को सुनने का प्रयास करें और भक्ति की मार्ग पर आगे बढ़ते रहें। मां बच्चे को जन्म देती है, लेकिन गुरु व्यक्ति को जीवन की राह पर आगे बढ़ने का ज्ञान देता है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु अनिवार्य है। गुरु के बीना जीवन अधूरा है।

### एक माह से अधिक नहीं ठहर सकते किसी स्थान पर

आत्मकल्याण एवं कर्म निजरा के लिए तप का मार्ग जैन दर्शन में अपनाया जाता है। कोई भी साधु एक माह से अधिक किसी भी स्थान पर प्रवास नहीं कर सकता। वह निरंतर एक स्थान से दूसरे स्थान पद भ्रमण करता रहता है। चातुर्मास मुख्य रुप से त्याग, संयम, तप, जप और वैराग्य को दर्शाता है। चातुर्मास का अर्थ चार मास के लिए साधु-साध्वियों का एक स्थान पर ठहरना होता है। चातुर्मास के दौरान भक्तों को भगवान महावीर और आचार्य जनों की वाणी सुनाई जाती है।

### दीक्षा प्रदान करते वक्त देखते हैं केवल योग्यता

जैन धर्म के सदस्यों द्वारा कम उम्र में भी दीक्षा लिया जा सकता है। जिसके पश्चात व्यक्ति सन्यासी जीवन में आगे प्रवेश करता है। मुनि ने बताया, दीक्षा का संबंध उम्र से नहीं होता। इसमें केवल व्यक्ति की योग्यता देखी जाती है। अगर व्यक्ति भक्ति मार्ग को समझता हो और उनमें योग्यता दिखने लगे तो वह सन्यास जीवन में प्रवेश कर सकता है।

## स्पोर्ट्स स्कैन

### खेल सिर्फ सेहत ही नहीं भविष्य भी बनाता है



खेलों से संबंधित व्यवसायों में बेहतर कॅरिअर के लिए लगभग वही गुण और योग्यताएं अपेक्षित हैं, जो अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए अपेक्षित होती हैं। खेलों के फील्ड में रोज़गार के लिए किसी व्यक्ति में अपेक्षित बुनियादी गुणों में शारीरिक योग्यता, खेल भावना और मानसिक क्षमता शामिल है। इस विचार-विमर्श में हमें इस बात का भी अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि हम जो खेल व्यवसायी तैयार कर रहे हैं, वे न केवल घरेलू मांग पूरा करेंगे, बल्कि प्रशिक्षित एवं उत्साही खेल व्यवसायी अंतर्राष्ट्रीय जरूरतें भी पूरी करेंगे।

#### एथलेटिक

किसी खास खेल या एथलेटिक गतिविधि में एक पेशेवर के रूप में रोजगार पाने में प्रशिक्षण सबसे महत्वपूर्ण है। आपसे यह उम्मीद की जाती है कि प्रशिक्षक के विशेषज्ञ मार्गदर्शन के अंतर्गत कड़ा प्रशिक्षण हासिल करें और उसके साथ पौष्टिक भोजन और नपी-तुली दिनचर्या का अनुपालन आवश्यक है।

#### प्रशिक्षक



खेलों और स्कॉलरशिप पर बल देने के सरकार के नए कार्यक्रमों और उदीयमान खिलाडि़यों के लिए बढ़ते संस्थागत समर्थन को देखते हुए माता पिता अपने बच्चों को खेल के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिलाने पर अधिक महत्व देने लगे हैं। युवाओं को गौरवशाली बनाने के इस प्रशिक्षण के लिए लाखों प्रशिक्षकों और गुरुओं की आवश्यकता है। स्कूल शारीरिक गतिविधियों के महत्व को समझने लगे हैं और उनके परिसरों में शारीरिक प्रशिक्षकों की जरूरत अब जिस तेजी से बढ़ेगी, वह पहले कभी नहीं थी।

#### खेल लेखन

लेखन और भाषण में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए भारत में अब एक नया आयाम खेलों के रूप में जुड़ गया है. आने वाले दिनों में खेलों से संबंधित लेखन और समीक्षा के क्षेत्र में पहले की तुलना में अधिक आकर्षण दिखाई देगा। खेलो इंडिया का संचालन डिजिटल संचार युग में हो रहा है और अत्याधुनिक संचार माध्यम के जरिए प्रत्येक उपलब्धि, प्रविष्टि, क्षण और स्मृति को रिकार्ड करने और व्यापक जगत के समक्ष प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए खेलों के क्षेत्र में एक नियमित पत्रकार से अलग हट कर कौशल युक्त लाखों संचार विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी।

#### खेल सौंदर्यशास्त्र

अभी तक प्रकाशन ब्यूरो में खेल फोटोग्राफी अनेक बीट में से एक हुआ करती थी। आज खेलों में विजुअल (दृश्यता) तत्व इतना बढ़ गया है कि अच्छे फोटोग्राफरों और कैमरामैनों की मांग बहुत ऊंची है। यह एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और जो लोग कैमरे के माध्यम से खेलों को दृश्यमान बनाने की कला में माहिर हैं, उनके लिए अधिक लाभकारी व्यवसाय सुनिश्चित है। फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी से परे जाकर स्पोर्ट्स एस्थेटिक्स यानी खेल सौंदर्यशास्त्र में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं, जिनमें किसी भी प्रतियोगिता के लिए डिजाइनिंग से लेकर संचार कैपसूल वितरण करने तक अनेक रोजगार शामिल हैं।

#### फिटनेस कंसल्टेंसी



देश में खेलों के क्षेत्र में जिस तरह अधिकाधिक लोग प्रवेश कर रहे हैं, उसे देखते हुए स्वास्थ्य, फिटनेस, पोषण और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में खेल परामर्श को रोजगार के रूप में अपनाने वाले परामर्शदाताओं की आवश्यकता बढ़ेगी। भारत में खेल जगत में स्वास्थ्य और वेलनेस व्यवसाय में भर्ती का वर्तमान स्तर नगण्य है और इस क्षेत्र में किसी के लिए भी प्रवेश की व्यापक संभावनाएं हैं। बॉडी बिल्डिंग केंद्र के रूप में पास-पड़ोस के जिम के दिन अब लदने जा रहे हैं. खेल के मैदान पर और मैदान से बाहर युवाओं को कड़ी शारीरिक फिटनेस के बारे में परामर्श और मार्गदर्शन करने वाले विशेषज्ञों की मांग बढ़ेगी।

#### खेल अधिनिर्णायक

प्रत्येक खेल में रेफरी या अम्पायर की आवश्यकता पड़ती है।जब अधिक लोग खेलेंगे तो हमें अधिक संख्या में इन अधिनिर्णायकों की आवश्यकता पड़ेगी. यह एक विशेषज्ञतापूर्ण कार्य है, क्योंकि इसके लिए आपको उस खेल के नियमों की पूर्ण जानकारी होना आवश्यक है, जिसमें आप अधिनिर्णायक के रूप में काम करने के इच्छुक हैं। खेलो इंडिया मिशन के अंतर्गत नियमों और विनियमों के अनुसार खेलों और क्रीड़ाओं को अंजाम देने के लिए ऐसे लाखों व्यवसायियों की आवश्यकता पड़ेगी।

कब्ज की समस्या से बचने लोग फाइबर का भरपूर सेवन कर रहे हैं, और भी ज्यादा गंभीर हो सकती है समस्या

# खूब खा रहें फाइबर तो हो जाएं सावधान

कहते हैं डाइजेशन सही तो सब सही। क्यों कि खराब डाइजेशन कई बीमारियों की जननी बन जाती है। यही वजह है कि लोग पाचन को दुरुस्त रखने के लिए फायबर युक्त आहार का सेवन करते हैं। फाइबर पेट के लिए अमृत समान है। ये पाचन शक्ति को मजबूत बनाता है। इसके साथ ही ये मेटाबॉलिज्म को दुरुस्त रखता है। शरीर में इसकी कमी हो जाए तो व्यक्ति गंभीर कब्ज की समस्या से परेशान हो जाता है। लेकिन जरूरत से ज्यादा भी फाइबर का सेवन आपको मुसीबत में डाल सकता है। जी हां अगर आप पाचन को दुरुस्त रखने के लिए अंधाधुन फाइबर रिच फूड का सेवन कर रहे है तो इसके नुकसान भी जान लीजिए। पीएसआरआई अस्पताल में मुख्य सलाहकार, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. मनोज गुप्ता इस बारे में जानकारी दे रहे हैं। डॉक्टर के मुताबिक पुरुषों को एक दिन में 38 ग्राम और महिलाओं को दिनभर में 25 ग्राम ही फाइबर की जरूरत होती है। अगर आप रोजाना इस मात्रा से अधिक फाइबर का सेवन कर रहे हैं तो आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। आइए जानते हैं अधिक फाइबर खाने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।




### अधिक फाइबर खाने के नुकसान जानिए

ज्यादा फाइबर रिच फूड खाने से आपको लूज मोशन या दस्त की परेशानी हो सकती है। दरअसल फाइबर रिच भोजन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट से जल्दी पास हो जाता है और ऐसा आपको दस्त की समस्या हो सकती है।

कब्ज दूर करने लिए ज्यादा फाइबर खा रहे हैं तो इससे आपके कब्ज की समस्या बढ़ भी सकती है। दरअसल फाइबर आपके शरीर से पानी को सोखने का काम करता है। ऐसे में अगर फायबर युक्त आहार खाने के बाद आप पानी कम पी रहे हैं तो कब्ज की समस्या बढ़ सकती है। आप डिहाइड्रेशन के शिकार भी हो सकते हैं। दरअसल फाइबर को घुलने के लिए पानी की जरूरत होती है। ऐसे में ये शरीर में मौजूद पानी को सोख लेता है। इससे कमजोरी, थकान (थकान के कारण), चक्कर आने की समस्या हो सकती है। आप पेट दर्द की समस्या से भी दो चार हो सकते हैं। आपको गैस की समस्या हो सकती है। दरअसल फाइबर को पचाने के लिए आंत (क्या होता है आंतों का लीक होना) में मौजूद गुड बैक्टीरिया द्वारा



मिथेन गैस का उत्पादन होता है जो पेट में दर्द का कारण बन सकता है। ज्यादा फाइबर के सेवन से पेट में गैस बनने लगती है। इससे छाती के पास दर्द और जलन की समस्या हो सकती है। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है,तो हमें आर्टिकल के नीचे दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।




## मानसून में बीमारियों से बचें, अपनाएं उपाय

बारिश का मौसम अपने साथ कई तरह की बीमारियां लेकर आता है। इस मौसम में सर्दी, जुकाम और बुखार होना सामान्य है। बच्चों से लेकर बड़ों कर किसी भी आयु के व्यक्ति को मौसमी बीमारी हो सकती है। मानसून में सामान्य और गंभीर दोनों तरह के रोगों का खतरा रहता है। बारिश के पानी में भीगने पर अक्सर लोगों को बुखार और जुकाम हो जाता है। वहीं मानसून में कीचड़ और पानी जमा होने के कारण डेंगू के मच्छर बढ़ जाते हैं। बारिश के मौसम में डेंगू मलेरिया के मरीज बढ़ जाते हैं। बारिश में त्वचा संबंधी कई तरह के रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है। खुजली, जलन और रूखी त्वचा की समस्या होने लगती है। मानसून में होने वाले संभावित रोगों के बारे में जानिए और बारिश के मौसम में बीमारियों से बचने के लिए क्या उपाय कर सकते हैं।

### बारिश के मौसम में होने वाले रोग

**त्वचा रोग:** बारिश में व्यक्ति को चर्म रोग हो सकता है। इस मौसम में घमौरी, फोड़े-फुंसी आदि होना सामान्य बात है। त्वचा संबंधी ये बीमारियां फंगल इंफेक्शन होती हैं, जो नमी की वजह से समस्या खड़ी कर देती हैं। ऐसे में अक्सर लोगों को बारिश में खुजली, लाल त्वचा और जलन होती है।



बचाव- मानसून में त्वचा संबंधी रोग की समस्या से बचाव के लिए बारिश में भीगने पर तुरंत कपड़े बदल लेने चाहिए। अधिक देर बारिश में भीगने पर त्वचा में नमी के कारण बीमारी होती है, इसलिए कपड़े बदलने से साथ ही त्वचा को अच्छे से सुखा लें। वहीं साफ सुथरे रहें।

**पेट की समस्या:** बारिश के मौसम में अक्सर लोगों का पेट खराब हो जाता है। बरसात में पाचन क्रिया कमजोर हो सकती है, जिसके कारण पेट की समस्या हो जाती है। मानसून में डायरिया, उल्टी और दस्त होना आम बात है।

**बचाव-** मानसून में खान पान का विशेष ख्याल रखें। हल्का भोजन करें और बाहर का गलत खाने से बचें। खाने के बाद टहलने की आदत डालें ताकि भोजन पच सके।

**मलेरिया और डेंगू:** बारिश में डेंगू और मलेरिया के मामले सबसे अधिक बढ़ जाते हैं। तेज बारिश होने से जगह जगह बारिश का पानी जमा हो जाता है। इस गंदे पानी से मच्छर फैलते हैं जो डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलाते हैं। डेंगू में ब्लड प्लेटलेट काउंट तेजी से कम होने से मरीज के लिए जान का जोखिम बढ़ जाता है। इन बीमारियों से बचाव के लिए बारिश के पानी को भरने न दें। साफ सफाई रखें। मच्छर भगाने की दवाइयों का इस्तेमाल करें।

## कब्ज से राहत पाने के इस्तेमाल करें यह खास आटा, बनेगी सेहत

कब्ज की समस्या से आजकल काफी लोग परेशान हैं। हेल्दी रहने के लिए सुबह पेट ठीक से साफ होना जरूरी है। पेट साफ न होने से कई परेशानियां हो सकती हैं। आजकल खान-पान की गलत आदतों और अनियमित जीवनशैली के चलते, कब्ज की परेशानी काफी लोगों में देखने को मिल रही है। कभी-कभार होने वाली कब्ज की समस्या को घरेलू नुस्खों के दूर किया जा सकता है, लेकिन अगर आपको लंबे समय तक कब्ज बना हुआ है, रोज सुबह पेट साफ होने में मुश्किल आती है,



तो आपको डॉक्टरी सलाह जरूर लेनी चाहिए।

### कब्ज दूर करने के लिए खाएं राजगिरा का आटा

एक्सपर्ट के मुताबिक, कब्ज दूर करने के लिए डाइट में राजगिरा के आटे को शामिल करना चाहिए। यह प्रोटीन से भरपूर होता है। इसे डाइट में शामिल करने से आपको कब्ज से राहत मिल सकती है। इसके अलावा, कोलेस्ट्रॉल लेवल और इंफ्लेमेशन को कम करने में भी यह कारगर है। यह न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होता है और इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसमें फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस की अच्छी मात्रा होती है। यह मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और मल को सख्त होने से रोकता है।

## घर की इन जगहों पर रखें कपूर का टुकड़ा, धन से भरी रहेगी तिजोरी



घर में कई ऐसी वस्तुएं मौजूद होती हैं जो आपके घर के वातावरण को सकारात्मक बनाने के साथ वास्तु दोषों से भी मुक्त करती हैं। इनके सही इस्तेमाल से आपके घर में सदैव समृद्धि बनी रहती है।

वास्तु शास्त्र एक ऐसा प्राचीन विज्ञान है जो घर की सुख समृद्धि को बढ़ावा देता है। यह आपके आस-पास के वातावरण में कल्याण और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे ही कुछ वास्तु उपायों को घर के लिए कारगर माना जाता है और इनके इस्तेमाल से घर की खुशहाली सदैव बनी रहती है। वास्तु के कुछ विशेष उपायों में से एक है कपूर का उपाय। ये एक ऐसी सामग्री है जो घर के वातावरण को शुद्ध बनाए रखने में मदद करती है। ऐसा कहा जाता है कि यदि आप घर में नियमित रूप से कपूर जलाते हैं तो आपके घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है। कपूर में शुद्धिकरण के गुण मौजूद होते हैं जो जीवन को कई तरह से प्रभावित करते हैं। वास्तु की मानें तो घर के कुछ विशेष स्थानों पर यदि आप कपूर रखते हैं तो आपके घर की आर्थिक स्थिति भी अच्छी बनी रहती है और घर में धन का प्रवाह बना रहता है। आइए Life Coach और Astrologer, Dr. Sheetal Shaparia से जानें कि घर के किन स्थानों पर कपूर रखना आपके लिए शुभ हो सकता है।

# इन आदतों के कारण व्यक्ति धीरे-धीरे हो जाता है गरीब, आज ही करें त्याग


नीति शास्त्र में व्यक्ति की कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताया है, जिनके कारण व्यक्ति धीरे-धीरे दरिद्र हो जाता है। इसलिए इन खराब आदतों का त्याग कर देना चाहिए।

### गन्दगी में रहने वाले लोग

जो लोग गंदे रहते हैं और स्वच्छ वस्त्र धारण नहीं करते हैं या फिर अपने आस-पास गंदगी का वातावरण रखते हैं, ऐसे लोग हमेशा दरिद्रता का जीवन व्यतीत करते हैं। इसलिए इन खराब आदतों का त्याग करना चाहिए।

### कड़वा बोलने वाले लोग

कहते हैं कि जो लोग बहुत कर्कशता के साथ या कड़वा बोलते हैं। उनसे भी मां लक्ष्मी कभी प्रसन्न नहीं होती हैं। इसलिए कड़वा बोलने की आदत को तुरंत ही त्याग देना चाहिए और हमेशा मीठा बोलना चाहिए। कड़वा बोलने के कारण व्यक्ति के संबंध तो खराब होते ही हैं और वह कंगाल भी हो जाता है।



### सूर्यास्त के बाद सोना


जो लोग संध्या काल में सूर्यास्त के बाद सोते हैं वे हमेशा दरिद्र रहते हैं। इस समय सोने वालों पर मां लक्ष्मी कभी भी अपनी कृपा नहीं करती हैं। इसलिए भूलकर भी सूर्यास्त के समय नहीं सोना चाहिए।

### आलस्य

आलस्य एक बुरी आदत है, जो व्यक्ति को कार्यों में सफल नहीं होने देती है। यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो सबसे पहले आलस्य को त्यागें।

### अनुचित व्यय

अनुचित व्यय करना व्यक्ति को गरीब बना सकता है। यदि आप अपने व्यय को आय के अनुरूप संयमित रखेंगे तभी सफल हो पाएंगे। इसलिए व्यय की योजना बनाएं, आवश्यकताओं को पहचानें और संयम से खर्च करें।













## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मार्वल में अलग भूमिका में थे रॉबर्ट, जॉन का खुलासा



जॉन फेवरोउ ने एमसीयू टाइटल के उद्घाटन की 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर खुलासा किया कि रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने 2005 की 'फैंटास्टिक फोर' के लिए भी ऑडिशन दिया था। डाउनी जूनियर ने 10 फिल्मों में आयरन मैन की भूमिका निभाई है। हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर मल्टीवर्स में खलनायक की भूमिका निभा सकते हैं। अकादमी पुरस्कार विजेता रॉबर्ट डाउनी ने पहली बार 2008 की फिल्म 'आयरन मैन' में टोनी स्टार्क की भूमिका निभाई थी। निर्देशक और सह-कलाकार जॉन फेवरोउ ने एमसीयू टाइटल के उद्घाटन की 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर खुलासा किया कि डाउनी जूनियर ने 2005 की 'फैंटास्टिक फोर' के लिए भी ऑडिशन दिया था। उन्होंने केविन फीगे के बारे में याद करते हुए बताया, 'मुझे याद है कि आप सभी डॉक्टर डूम या किसी अन्य प्रोजेक्ट के लिए उनसे मिल चुके थे। मुझे लगता है कि वह शायद फैंटास्टिक फोर में भी काम कर चुके थे। इसलिए हर कोई जानता था कि वह कौन हैं।' डॉक्टर डूम का किरदार जूलियन मैकमोहन ने निभाया था। जॉन फेवरोउ ने आयरन मैन में डाउनी जूनियर की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह पहेली का वह टुकड़ा हैं, जिन्होंने सब कुछ संभव कर दिखाया। उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि मैं उस लड़के के साथ बैठा था और मैंने सोचा कि उसकी आंखों में चमक है और वह तैयार है। जॉन फेवरोउ ने आगे कहा, 'जब वह मेरे साथ थे। तब मेरी जिंदगी बहुत आसान हो गई। क्योंकि वह किरदार की आवाज थे।' केविन फीगे ने एमसीयू की सफलता का श्रेय फेवरोउ और डाउनी जूनियर के काम को दिया। उन्होंने कहा, 'आप और रॉबर्ट ने उस फिल्म में जो लहजा खोजा, मैं कहूंगा कि वह एमसीयू के लिए एक तरह से टेम्पलेट बन गया।'

### टॉलीवुड

## 'टिल्लू स्क्वायर' के बाद अब 'तेलुसु काडा' के काम में जुटेंगे सिद्धू



'टिल्लू स्क्वायर' फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाले दक्षिण भारतीय अभिनेता सिद्धू जोनालागड्डा अब अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में आ गए हैं। सिद्धू जल्द ही 'तेलुसु काडा' फिल्म की शूटिंग में व्यस्त होने वाले हैं और इसी को लेकर एक ताजा अपडेट सामने आया है। तेलुगु 123 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'तेलुसु काडा' को लेकर ताजा अपडेट यह है कि इसकी शूटिंग 5 अगस्त, 2024 से शुरू हो जाएगी। 'तेलुसु काडा' को हैदराबाद में शूट किया जाएगा। इस फिल्म में सिद्धू जोनालागड्डा के साथ-साथ राशि खन्ना और श्रीनिधि शेट्टी भी अहम रोल निभाती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्माण पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वार किया जाएगा, जो उनकी 30वीं फिल्म है। 'तेलुसु काडा' की कहानी की बात करें तो इस फिल्म में परिवार, दोस्ती, आत्म-प्रेम, त्याग समेत कई सामाजिक पहलुओं पर बात होगी। इसका निर्देशन नीरजा कोना द्वारा किया जाएगा और यह उनकी पहली फिल्म है। श्रीकर प्रसाद फिल्म को एडिट करेंगे, जो अपने काम के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीत चुके हैं। 'तेलुसु काडा' में संगीतकार थमन की धुनें सुनने को मिलेंगी। कैमरे का काम युवराज जे संभालेंगे। इस साल अभी तक जितनी तेलुगु फिल्में हिट हुई हैं, उनमें 'टिल्लू स्क्वायर' का नाम शामिल हैं। यह फिल्म 29 मार्च, 2024 को रिलीज हुई थी। सैकनिल्क के मुताबिक, 'टिल्लू स्कवायर' ने वर्ल्डवाइड 125.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 82.5 करोड़ रुपये कमाए थे। इसका निर्देशन मालिक राम ने किया था।

### छॉलीवुड

## स्वास्थ्य के मुद्दे को उठाएगी छत्तीसगढ़ में बनीं फिल्म ''मानव मार्केट''



छत्तीसगढ़ की पृष्ठभूमि पर बनी हिंदी फीचर फिल्म ''मानव मार्केट'' मनोरंजक पूर्ण ढ़ंग से स्वास्थ्य के मुद्दे पर बात करती है। जनता का बुनियादी हक़ जो ज़िम्मेदार लोगों के लिए सेवा भाव होना चाहिए था अब व्यापार बनकर रह गया और वो सभी संस्थाएं और तंत्र ख़ामोशी से तमाशे देखते रहे। स्वास्थ्य सेवा है व्यापार नही। इसी विचार को जनता का प्रतिनिधित्व करते हुए, जनता की बात को ज़िम्मेदार लोगों तक पहुंचाने के प्रयास कर नाम है हिंदी फीचर फिल्म ''मानव मार्केट''। फिल्म भिलाई टाकीज पिक्चर्स, निम्स फिल्म प्रोडक्शन और वान्या फिल्म्स पोडक्शन के संयुक्त बैनर तले बनी है। जिसमें फिल्म के कलाकार ओम त्रिपाठी, नेहा शुक्ला, बाली कुर्रे,योगेश अग्रवाल,सुरेश गोंडाले,धर्मेंद्र अहिरवार,प्रिया षर्मा,देवेंद्र मोयल,डाली साहू,अनुप राय,हनी शर्मा,मनोज शर्मा,मुस्कान,शहाना परवीन,हर्षा सहारे,आरूशी पॉल,स्वपनिल गुजलवार,अंजली साहू और गुलाम हैदर मंसूरी हैं। निर्मता के. सी. अग्रवाल, निम्मी सवाने और गुलाम हैदर मंसूरी हैं। कथा, पटकथा, संवाद एवं निर्देशन गुलाम हैदर मंसूरी का है।

## पानी में सनसनी

यह अब तक देखे गए सबसे आश्चर्यजनक फैशन शो में से एक था। कोई भी मॉडल को फर्श पर टहलते हुए और फिर अचानक गहरे साफ पानी में डूबते हुए देखकर हैरान हो सकता है। रूसी डिजाइनर जना नेडज़वेत्स्काया के स्प्रिंग/समर फैशन शो में इसकी जमकर चर्चा हुई। मॉडल्स ने रनवे के किनारे से छलांग लगाई और पूल के नीचे चली गई, जहाँ उन्होंने शानदार पोज़ के साथ प्रोजेक्ट रनवे को हैरान कर दिया, जिसने वास्तव में परिधान को सबसे बेहतरीन तरीके से उभारा।




## अपर लिप हेयर रिमूवल के बाद जरूर करें ये काम



चेहरे के अनचाहे बाल किसी को अच्छे नहीं लगते हैं। अक्सर इन बालों को हटाने के लिए हम सभी वैक्स या थ्रेडिंग करवाते हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा अपर लिप हेयर इरिटेट करते हैं। ऐसे में इन बालों को समय-समय पर रिमूव करना जरूरी होता है। चूंकि चेहरे का यह हिस्सा काफी सेंसेटिव होता है, इसलिए हेयर रिमूवल के बाद स्किन की सही तरह से केयर करना बेहद जरूरी होता है। अपर लिप हेयर को सिर्फ रिमूव करना ही काफी नहीं होता है।


अगर स्किन की सही तरह से देखभाल नहीं की जाती है तो इससे अपर लिप हेयर में रैशेज, जलन या फिर रेडनेस की समस्या हो सकती है।

**करें क्लींज:** एक बार अपर लिप हेयर को रिमूव करने के बाद उसे क्लींज करना जरूरी होता है। इससे आपके अपर लिप एरिया पर मौजूद किसी भी तरह के बचे हुए वैक्स को क्लीन करना आसान हो जाता है। हालांकि, जब आप अपर लिप एरिया को क्लीन कर रही हैं तो किसी भी तरह के हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करने से बचें। यह आपकी स्किन में जलन पैदा कर सकते हैं।

**कूल कंप्रेस का लें सहारा:** कूल कंप्रेस का लें सहारा अपर लिप एरिया में हेयर रिमूवल के बाद अक्सर रेडनेस या फिर हल्की जलन का अहसास होता है। जिससे आपको अनकंफर्टेबल फील हो सकता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही कुछ होता है, तो आप कूल कंप्रेस का सहारा लें। इसके लिए आप एक साफ कपड़ा लें और फिर उसे ठंडे पानी से गीला करके इस्तेमाल करें। आप चाहें तो फ्रिज में ठंडा किया गया जेल मास्क भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**करें मॉइश्चराइज:** अपर लिप एरिया को क्लीन करने के बाद उस एरिया को मॉइश्चराइज करना जरूरी होता है। ध्यान रखें कि वह अल्कोहल फ्री हो, अन्यथा आपको जलन का अहसास हो सकता है।

## फंक्शन के लिए खास रहेंगे नेकलेस के नए डिजाइंस



फैशन



किसी भी फंक्शन में जाने के लिए अपने लुक को हम कई तरह से स्टाइल करते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए उसकी स्टाइलिंग करना बेहद जरूरी होता है। स्टाइलिंग की बात करें तो इसमें ज्वेलरी का रोल अहम होता है। मार्केट में आपको कई तरह की ज्वेलरी के डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन किसी फंक्शन या शादी में जाने की हो तो तैयारियां कुछ ज्यादा ही करनी पड़ती हैं।

लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप स्टेटमेंट नेकपीस को स्टाइल कर सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं स्टेटमेंट नेकलेस के कुछ खास डिजाइंस जिन्हें आप किसी भी शादी व फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### डायमंड डिजाइन नेकपीस

देखने में सबसे क्लासी लुक देने में मदद करती हैं डायमंड ज्वेलरी। इसमें अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के भरे गले वाले चोकर को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का चोकर लगभग हर तरह के आउटफिट के साथ आकर्षक नजर आएगा। साथ ही आप चाहे तो इसके साथ में कानों के लिए छोटे साइज के स्टड्स को पहन सकती हैं या चाहे तो कानों में इयररिंग्स को स्किप भी कर सकती हैं।

### मल्टी-कलर नेकपीस

खासकर पेस्टल साड़ी के साथ इस तरह की मल्टी-कलर वाली ज्वेलरी खूबसूरत नजर आती है। वहीं इसमें आप चाहे तो पर्ल भी अलग से लगवा सकती हैं। पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी भी पेस्टल कलर के कपड़ों के साथ बेहद खूबसूरत नजर आती है। इसके अलावा डायमंड वर्क में भी आपको मल्टी-कलर में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। इस तरह का चोकर आप वी-नेक या गोल नेकलाइन के साथ ही स्टाइल करें। साथ ही मीडियम साइज के इयररिंग्स भी पहन सकती हैं।

## घर पर तैयार करें ब्लॉक प्रिंट कुर्ता



अगर आपको ब्लॉक प्रिंट के कुर्ते पहनना पसंद है तो इस बार इन्हें खरीदने की बजाए घर पर तैयार करें। कुर्ते के कई सारे अलग-अलग डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप अपने लुक के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इनमें से कुछ ऐसे होते हैं जो दिखने में काफी अच्छे लगते हैं। लेकिन इन प्रिंट के कुर्ते मिलते थोड़े महंगे हैं। ऐसे में आप चाहे तो इन्हें घर पर आसान तरीके से रेडी कर सकती हैं। इसके लिए बस आपको इन टिप्स को फॉलो करना होगा।

ब्लॉक प्रिंट कुर्ता बनाने के लिए आपको आलू, स्विंग मशीन, मार्कर पेन, फेब्रिक कलर चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आपको सफेद कपड़ा लेना है। फिर इससे अपने लिए कर्ती स्टीच करना है। अब आलू लें और मार्कर पेन की मदद से इसपर अपनी पसंद का प्रिंट डिजाइन (शॉर्ट कुर्ता डिजाइन) बनाएं।

### ब्लॉक प्रिंट दुपट्टा करें तैयार

अगर आपको दुपट्टे की अलग-अलग कलेक्शन रखना पसंद है तो आप दुपट्टे पर भी ब्लॉक प्रिंटिंग डिजाइन बना सकती हैं। इस तरीके के दुपट्टे (शरारा कुर्ता ट्रेंडी डिजाइन) भी काफी अच्छे लगते हैं और स्टाइल करने के बाद आप खूबसूरत लगेंगी। आपको मार्केट में यही दुपट्टे 500 से 1000 रुपये में मिलेंगे। घर पर इन्हें आप फेब्रिक लाकर कम पैसों में बना सकती हैं। बस आपको इसे बनाने के लिए कुछ टिप्स का खास ध्यान रखना पड़ेगा। तभी आपको ब्लॉक प्रिंट कुर्ता सही तरीके से रेडी हो पाएगा और आप उसे स्टाइल कर पाएंगी।

एक्ट्रेस श्वेता महादिक फैशन से जुड़े ऐसे वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती रहती हैं। आप भी इन्हें देखकर घर पर ही अपने लिए आउटफिट डिजाइन कर सकती हैं। इनके बताए गए तरीके से आप और भी अलग-अलग तरीके के कुर्ते को घर पर ट्राई करें और अपने लुक को नए तरीके से क्रिएट करें।

## कभी काम नहीं करती हैं ये हेयर केयर रेमेडीज कहीं आप भी तो नहीं कर रही हैं इन्हें ट्राई?



हेयर फॉल की समस्या, ग्रे हेयर की समस्या, स्प्लिट एंड्स की प्रॉब्लम, खुजली वाले स्कैल्प की प्रॉब्लम और ना जाने क्या-क्या। ऐसे में हम कई बार अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट्स ट्राई करते हैं, तो कई बार हम देसी नुस्खों के पीछे भागते हैं, लेकिन इनसे फर्क कितना पड़ता है? डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आंचल पंथ के मुताबिक होम रेमेडीज कुछ हद तक असर तो करती हैं, लेकिन इनमें से कुछ ऐसी होती हैं जिनसे कुछ भी नहीं हो पाता है। कई बार इन होम रेमेडीज के कारण हम अपनी सेहत को बिगाड़ भी लेते हैं।

### मिथकः नींबू की मदद से कम होता है डैंड्रफ

डॉक्टर आंचल के मुताबिक, नींबू की वजह से डैंड्रफ कम नहीं होता है और यह बस स्कैल्प में आए ऑयल को थोड़ा कम करता है। कई लोग लगभग हर हफ्ते नींबू का इस्तेमाल करते हैं और उनका ऐसा करना उनके स्कैल्प को और ज्यादा डैमेज कर देता है।

क्यों स्कैल्प पर इस्तेमाल नहीं करना चाहिए नींबू?नींबू काफी ज्यादा एसिडिक होता है जिससे बालों का झड़ना बढ़ सकता है। नींबू में सिट्रिक एसिड बहुत होता है जो सूरज की किरणों के प्रति काफी संवेदनशील होता है और इसके कारण जब भी आप नींबू का रस लगाकर बाहर जाती हैं, तो यह धूप के कारण रिएक्ट करता है। ऐसे में स्कैल्प में खुजली, इन्फेक्शन, रैशेज, छोटे दाने और कोई और बड़ी बीमारी हो सकती है। नींबू का रस सीधे बालों पर लगाने से बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। इसका कारण इसमें मौजूद एसिडिक कंटेंट ही है।

कभी कभार किसी देसी नुस्खे में नींबू का रस मिलाया जा सकता है क्योंकि इसमें विटामिन-सी होता है, लेकिन फिर भी यह आपके बालों पर असर करेगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। डॉक्टर आंचल

## कार्नर न्यूज

### स्किन की डीप क्लीनिंग के लिए सिर्फ फेस वॉश जरूरी नहीं

## घर पर पील ऑफ मास्क लगाते समय इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज

*स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरीके अपनाते हैं। लेकिन आपका कोई भी उपाय केवल तभी काम आता है, जब आपकी स्किन क्लीन हो। स्किन क्लीन होने पर हर प्रोडक्ट्स आपकी स्किन के भीतर तक जाता है, जिससे आपको बेस्ट रिजल्ट मिलता है। स्किन की डीप क्लीनिंग के लिए सिर्फ फेस वॉश करना ही जरूरी नहीं है, बल्कि कभी-कभी पील ऑफ मास्क को भी अप्लाई किया जा सकता है।*



### पहले स्किन को करें क्लीन

यह सच है कि पील ऑफ मास्क आपकी स्किन को क्लीन करता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि आप सीधे ही पील ऑफ मास्क को स्किन पर अप्लाई कर लें। हमेशा ध्यान रखें कि आप पहले अपनी स्किन को साफ करें। इससे मेकअप, गंदगी और अतिरिक्त तेल को रिमूव करने में मदद मिलेगी। साथ ही, स्किन को क्लीन करने से मास्क को बेहतर ढंग से चिपकने और अधिक प्रभावी ढंग से काम करने में मदद मिलेगी।

### जरूर करें पैच टेस्ट

यूं तो पील ऑफ मास्क आपकी स्किन पर प्रभावी तरीके से काम करते हैं। लेकिन जरूरी नहीं है कि मास्क हर स्किन टाइप के लिए उपयुक्त हो। इसलिए, अपने पूरे चेहरे पर मास्क लगाने से पहले आपको एक बार पैच टेस्ट अवश्य करना चाहिए। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि पील ऑफ मास्क में मौजूद सामग्री के कारण आपकी स्किन पर किसी तरह का एलर्जिक रिएक्शन होगा या नहीं।



### सेंसेटिव एरिया से बचें

यूं तो पील ऑफ मास्क को अपने पूरे चेहरे पर लगाया जा सकता है, लेकिन जब आप इसे स्किन पर लगा रही हैं तो इसे एकसमान रूप से लगाएं। साथ ही साथ, चेहरे के सेंसेटिव एरिया जैसे आंखें, आईब्रो व लिप्स आदि से बचाकर अप्लाई करें। इससे बाद में उसे रिमूव करते समय आपकी स्किन को प्रॉब्लम हो सकती है।

### सूखने के लिए दें समय

पील ऑफ मास्क बेहतर तरीके से काम करे, इसके लिए जरूरी है कि आप उसे सूखने के लिए पर्याप्त समय दें। अगर वह सही तरह से सूखता नहीं है तो इससे उसे रिमूव करते समय आपको प्रॉब्लम हो सकती है। इसलिए हमेशा यह उसे रिमूव करने से पहले एक बार छूकर देखें कि वह गीला या चिपचिपा तो नहीं है। जब वह अच्छी तरह सूख जाए, तभी आप उसे रिमूव करें।

### सही तरह से करें रिमूव

पील ऑफ मास्क को रिमूव करने का अपना एक तरीका होता है।